रोहतक
बुधवार, 24 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 325
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 25.1
न्यून. 5.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,524.84 | 42.64 ▼ |
| निफ्टी | 26,177.15 | 4.75 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,40,850/- | 2650/- ▲ |
| चांदी | 2,17,250/- | 2750/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 89.63 | 5 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 62.18 बैरल | | 0.18% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## 14 जिलों में असर, 26 से तेज सर्दी ↕ 5.5° के साथ नारनौल सबसे ठंडा

# प्रदेश में हाड़ कंपाने वाली ठंड का दौर शुरू, घने कोहरे व कोल्ड-डे का अलर्ट

**जरूरी न हो तो यात्रा न करें**

1. कई जिलों में सुबह के समय छा रहा घना कोहरा, वाहन चालकों से धीरे और संभल कर चलने की सलाह।
2. छोटे बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह।
3. न्यूनतम तापमान में गिरावट, हालांकि औसत सामान्य से 2.2 डिग्री ऊपर।

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

हरियाणा में हाड़ कंपाने वाली ठंड का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने 26 दिसंबर तक घने कोहरे और कोल्ड-डे का रेड अलर्ट जारी किया है। सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और उत्तर हरियाणा के जिलों में बुधवार को घना कोहरा छाने की संभावना है। सोनीपत, झज्जर और रोहतक में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। फतेहाबाद में भी धुंध का असर दिखाई दिया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है क्रिसमस के बाद एकाएक ठंड और बढ़ेगी। हरियाणा में कोल्ड डे की स्थिति रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। नारनौल 5.5 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे ठंडा जिला रहा। हालांकि औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक बना हुआ है, लेकिन आने वाले 4 दिनों में कोहरे और कोल्ड-डे की स्थिति जनजीवन को प्रभावित कर सकती है। उधर, कोहरे का असर परिवहन सेवाओं पर असर पड़ रहा है। 15 से ज्यादा ट्रेनें समय से लेट रही। वहीं, सड़कों पर भी वाहन रेंगकर चल रहे हैं। दूसरी तरफ, सोनीपत के मुरथल में ठंड से एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

***ठंड से सोनीपत में बुजुर्ग की मौत***

**यहां घनी धुंध**

सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, नूंह, रोहतक और जींद में घनी धुंध छाई रही।

**क्या है कोल्ड डे**

जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम हो और अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर जाए, तो उसे 'कोल्ड डे' कहते हैं। आगे ऐसे स्थिति बनने जा रही है।



**आने वाले दिनों में ऐसा रहेगा मौसम**

- **24 दिसंबर (यलो अलर्ट):** सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और उत्तर हरियाणा के जिलों में 'घना कोहरा' छाए रहने की संभावना है। प्रशासन ने वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।
- **25-26 दिसंबर (ऑरेंज और रेड अलर्ट):** मध्य और दक्षिण हरियाणा के जिलों (रोहतक, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी) में बेहद घना कोहरा और कोल्ड-डे की स्थिति रहेगी। यानी दिन में भी धूप नहीं खिलेगी।

## कुरुक्षेत्र : सर्दी से बचने को अंगीठी जलाकर सोए 5 की मौत

**कुरुक्षेत्र।** दम घुटने से यूपी के ठेकेदार सहित 5 मजदूरों की मौत हो गई। पांचों सोमवार को काम से लौटने के बाद जिला जेल के पास होटल स्टर्लिंग के कमरे में कोयले की अंगीठी जलाकर सोए थे। मंगलवार को जब काफी देर तक नहीं उठे तो होटल कर्मचारियों ने पुलिस बुलाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। अंदर का दृश्य देख सभी के होश उड़ गए। पांचों बेसुध पड़े थे। तुरंत ही सभी को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पांचों शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल में भिजवा दिए। मृतकों की पहचान रोशन पुत्र आत्मा राम, नूर पुत्र तौफिक, सोनू पुत्र तौफिक, मदन पुत्र मेघराज निवासीयान शेखपुरा कदीम जिला सहारनपुर और इलमचंद निवासी अभिषेक नगर, जिला सहारनपुर के तौर पर हुई है। सभी होटल में पेंट का काम करने के लिए आए थे।

**होटल के कमरे में घुटा दम**



### होटल में पेंट करने के लिए आए

पुलिस के मुताबिक, सभी मृतक यूपी के सहारनपुर के रहने वाले थे। इनमें चार श्रमिक और एक ठेकेदार था। होटल मैनेजर के मुताबिक, ये पांचों सोमवार की शाम को ही होटल में पेंट करने के लिए आए थे।

**खाना खाकर एक कमरे में सो गए**

होटल के मैनेजर उपेंद्र नैन के मुताबिक, सोमवार शाम को सहारनपुर के शेखपुरा कदीम के रहने वाले ठेकेदार नूर के साथ रामकुमार, रोशन, मदनलाल और सोनू पेंट करने के लिए कुरुक्षेत्र पहुंचे थे। शाम को 4 बजे के बाद पहुंचे मजदूर रात को खाना खाकर एक कमरे में सो गए। बंद कमरे का दरवाजा जब सुबह देर तक नहीं खुला तो होटल कर्मचारी कंवरपाल ने उसे जानकारी दी।






गुरु ब्रह्मानंद जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह, मुख्यमंत्री ने किया ऐलान

# अब ब्रह्मानंद माजरा के नाम से जाना जाएगा चुहड़ माजरा

सीएम नायब सिंह सैनी बोले- संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे जगद् गुरु ब्रह्मानंद सरस्वती
विधानसभा अध्यक्ष कल्याण ने की समारोह की अध्यक्षता





हरिभूमि न्यूज ⏭ ढांड (कैथल)

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि जगद् गुरु ब्रह्मानंद सरस्वती संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। उनका पूरा जीवन मानव सेवा, धर्म, त्याग और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा। वे ऐसे प्रकाशस्तंभ थे, जिनके ज्ञान की किरणें आज भी हमारे विचारों, हमारी संस्कृति और समाज को दिशा प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए गांव चुहड़ माजरा का नाम बदलकर ब्रह्मानंद माजरा करने की आधिकारिक घोषणा की। साथ ही उन्होंने कई बड़ी विकास परियोजनाओं की घोषणा कर विकास का पिटारा खोल दिया।

- मुख्यमंत्री ने कई विकास कार्यों की घोषणा की
- समारोह में कई मंत्रियों सहित विधायकों ने की शिरकत

## ज्ञान, भक्ति और समरसता का मार्ग दिखाया

नायब सिंह सैनी मंगलवार को कैथल जिले के गांव चुहड़ माजरा में हरियाणा सरकार द्वारा जगत गुरु ब्रह्मानंद जी जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने की। समारोह में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, कैबिनेट मंत्री शरणबीर गंगवा, महीपाल ढांडा, राव नरबीर सिंह, सांसद नवीन जिंदल एवं विधायक सतपाल जांबा सहित, राम कुमार कश्यप, योगेंद्र राणा, भगवानदास कबीरपंथी अन्य विधायकगण व पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक सहित समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव चुहड़ माजरा में पहुंचने पर सबसे पहले गांव में गुरु ब्रह्मानंद मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से गुरु ब्रह्मानंद जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### 1908 में कैथल के चुहड़ माजरा में हुआ जन्म

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में अपने संदेश में महान संत स्वामी ब्रह्मानंद जी को नमन करते हुए कहा कि गुरु ब्रह्मानंद ने समाज को ज्ञान, भक्ति और समरसता का मार्ग दिखाया था। सादा जीवन उच्च विचार उनके मुख्य संस्कार थे। उनका जन्म वर्ष 1908 में हरियाणा के कैथल जिले के चुहड़ माजरा गांव में एक साधारण रोड परिवार में हुआ। बचपन से ही ईश्वर-भक्ति का गहरा रुझान, अध्यात्म के प्रति जिज्ञासा और परमात्मा की खोज की धुन उन्हें अलग पहचान देती थी। उन्होंने अपना जीवन, कर्म, ज्ञान व तपस्या मानवता के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। स्वामी जी का आर्य समाज में गहरा विश्वास था।

## पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा दे रही सरकार : नायब सिंह



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यावरण और पर्यटन को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी है। सरस्वती आद्रभूमि जलाशय और सरस्वती जंगल सफारी जैसी परियोजनाएं प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन के लिए भी नए अवसर सृजित करेंगी। मुख्यमंत्री संत कबीर कुटीर निवास स्थान पर नागरिकों को सम्बोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आबियाने को जड़ से खत्म किया है। प्रदेश में जमीनों व सम्पत्तियों का पेपरलेस रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया है। अब रजिस्ट्री का काम पूरी तरह डिजिटल हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तिगुणी ऊर्जा के साथ जनकल्याण में जुटी हुई हैं। इसलिए हम सब मिलकर हरियाणा को देश का सबसे विकसित राज्य बनाने का संकल्प लें।

### विकास का रथ बिना रुके चल रहा

सीएम ने कहा कि कुरुक्षेत्र और लाडवा की उस पवित्र मिट्टी की महक आज उनके आवास तक पहुंची है। सभी नागरिकों का हृदय की गहराइयों से स्वागत, वदन और अभिनंदन है। हम सब मिलकर लाडवा के विकास रथ को बिना रुके आगे बढ़ाएंगे। हलके को विकास के मामले में प्रदेश का अग्रणी क्षेत्र बनाना सरकार का लक्ष्य है। इसका उद्देश्य ईंट-पत्थर की इमारतें खड़ा करना नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र के अंतिम पायदान पर खड़े नागरिक का उत्थान शामिल है।

## नूंह विधायक मामन खान ने सुरक्षा को खतरा बताया हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

चंडीगढ़। नूंह जिले की फिरोजपुर झिरका विधानसभा विधायक मामन खान ने अपनी जान को गंभीर और निरंतर खतरा बताते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में विधायक ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार से पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने, जेड या जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने तथा बिना न्यायालय की अनुमति सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कटौती न करने के निर्देश देने की मांग की है। हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी प्रतिवादी पक्ष को 22 जनवरी तक जवाब दायर करने का आदेश देते हुए मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।याचिका के अनुसार मामन खान एक संवेदनशील और साम्प्रदायिक रूप से नाजुक क्षेत्र से आते हैं और लगातार सक्रिय राजनीतिक जीवन में हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि उनकी बढ़ती राजनीतिक सक्रियता और सरकार की नीतियों की मुखर आलोचना के चलते उन्हें संगठित आपराधिक गिरोहों से लगातार धमकियां मिल रही हैं।

## पलवल विस चुनाव विवाद के मुख्य बिंदु तय किए, अगली सुनवाई पर होंगे साक्ष्य दर्ज

चंडीगढ़। पलवल विधानसभा सीट से जुड़े चुनाव विवाद में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मुख्य विवाद बिंदु तय कर दिया है। यह याचिका वर्तमान राज्य मंत्री गौरव गौतम के चुनाव को चुनौती देते हुए दाखिल की गई है, जिसमें उन पर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123(3) के तहत भ्रष्ट आचरण का आरोप लगाया गया है । पूर्व मंत्री दलाल द्वारा दायर चुनाव याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह प्रश्न तय किया है कि क्या वर्तमान राज्य मंत्री गौरव गौतम ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123(3) का उल्लंघन करते हुए धर्म के नाम पर वोट मांगकर भ्रष्ट आचरण किया है। मामले की सुनवाई कर रहीं जस्टिस अर्चना पुरी ने स्पष्ट किया कि अब मुकदमे का निपटारा इसी केंद्रीय प्रश्न के इर्द-गिर्द होगा, क्योंकि याचिका में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया विचारणीय हैं और उनका फैसला साक्ष्यों के आधार पर किया जाना आवश्यक है।

## हाईकोर्ट में अपील स्वीकार, शिक्षक बेटे की मृत्यु के 14 साल बाद मां को पेंशन देने का आदेश

चंडीगढ़। सरकारी कर्मचारियों की मृत्यु के बाद उनके परिवारों को दी जाने वाली अनुकंपा वित्तीय सहायता पर एक महत्वपूर्ण फैसले में, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 2011 में सेवा के दौरान निधन हुए एक संस्कृत शिक्षक की माता की अपील को स्वीकार कर लिया है और हरियाणा को मृतक सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा सहायता नियम, 2006 के तहत लाभ जारी करने का निर्देश दिया है। जस्टिस पंकज जैन ने फैसला सुनाते हुए निचली अदालत और निचली अपीलीय अदालत के उन फैसलों को पलट दिया, जिनमें तथ्यों को छिपाने और निर्भरता की कमी के आधार पर कलावती के मुकदमे को खारिज कर दिया गया था। कलावती के पुत्र हरि हर मोहन, जो कुरुक्षेत्र के सरकारी विद्यालय में अविवाहित संस्कृत शिक्षक थे, का 11 अक्टूबर 2011 को 38,570 रुपए के वेतन पर निधन हो गया। कलावती ने दावा किया कि वह पूरी तरह से उन पर आश्रित थीं और उन्होंने उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक उनके अंतिम वेतन के बराबर वित्तीय सहायता और उसके बाद पारिवारिक पेंशन की मांग की।


**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105**
**ई-मेल: coemunimpur@gmail.com**

**पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना बारे**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर निम्न प्रकार से पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया जाना है:

| क्र. सं. | दिनांक | प्रशिक्षण की अवधि (दिनों में) | प्रशिक्षण का विषय | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 29.12.2025 से 02.01.2026 | 5 | उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेती पर प्रशिक्षण | 10 |

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसान अपना ऑनलाईन नामांकन बागवानी विभाग, हरियाणा की वेब साईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर करें। जो दस किसान सबसे पहले ऑनलाईन नामांकन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवाएगे, उन्हें ही प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान डॉ. हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (Mob No-8683801977) से सम्पर्क करें।

**प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया निम्न प्रकार से है:-**

1. प्रार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन http:kaushal.hortharyana.gov.in पोर्टल पर दिनांक 26.12.2025 शाम 03:00 बजे तक कर सकता है।
2. प्रार्थी हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
3. आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान अपने साथ लेकर आये।
4. चयनित किसानों के नाम बागवानी विभाग की वेबसाइट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर दिनांक 26.12.2025 को शाम 03:30 बजे तक अपलोड कर दिये जाएंगे।
5. प्रशिक्षण कार्यकम हेतू प्रार्थी की न्युनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए।
6. प्रशिक्षण हेतू आवेदन एक परिवार पहचान पत्र (PPP) से एक सदस्य ही कर सकता है।
7. किसानों के भोजन की व्यवस्था निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा को जायेगी।
8. प्रशिक्षण केन्द्र पर रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1009/2026/41397/88/6 दि. 23.12.25


नेता प्रतिपक्ष की प्रेस कॉन्फ्रेंस, शीतकालीन सत्र को लेकर सरकार को घेरा

# कांग्रेस के उठाए सवालों का जवाब नहीं दे पाई सरकार, सदन से सड़क तक संघर्ष करेंगे

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि विधानसभा सत्र के दौरान सरकार का रवैया पूरी तरह से जन-विरोधी और जनहित के मुद्दों से भागने वाला रहा। सत्र में सरकार ने विपक्ष के सवालों, प्रस्तावों और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दिया। सरकार हरियाणा के हितों की रक्षा नहीं कर पा रही, इसलिए वह चाहती है कि विपक्ष भी मूकदर्शक बना रहे। लेकिन कांग्रेस सदन से लेकर सड़क तक अपना संघर्ष जारी रखेगी और जनहित के मुद्दों को उठाती रहेगी।

### कोई भी प्रस्ताव स्वीकर नहीं किया



कांग्रेस ने चंडीगढ़ के स्टेटस, अरावली में खनन, किसानों की समस्याएं, बेरोजगार युवाओं, भर्ती घोटालों, एमएसपी, धान घोटाला, मनरेगा, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, खिलाड़ियों की मौत, एसवाईएल जल विवाद और भाजपा नेताओं की हेट स्पीच जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए विभिन्न प्रस्ताव दिए थे। जिसे स्वीकार नहीं किया गया। उन्होंने कहा विधायक नरवाल ने अपने बयान पर माफी मांग ली थी। हुड्डा ने विधायक भुक्कल मामले में भी पक्ष रखा।

### वोट चोरी के मुद्दे पर छटपटाहट साफ नजर आई

हुड्डा ने कहा कि वोट चोरी जैसे गंभीर खुलासे के बाद भाजपा भीतर छटपटाहट साफ नजर आ रही है, इसलिए विस में जानबूझकर इस मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा चुनाव सुधार पर चर्चा का प्रस्ताव लेकर आई। जबकि यह विस के अधिकार क्षेत्र में ही नहीं आता। इसलिए कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट किया। वोट चोरी पर चर्चा के लिए अगले सत्र में विशेष प्रस्ताव लेकर आएंगे। नेता प्रतिपक्ष पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1)जीतेंद्र उर्फ जीतेंद्र उर्फ जीतू पुत्र सतबीर सिंह निवासी मकान नंबर 205, छोटू राम नगर, गली नंबर 3, बहादुरगढ़, हरियाणा और (2)जीतेंद्र उर्फ बाटा पुत्र जयपाल सिंह निवासी वीपीओ, परनाला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा** ने **FIR No. 1282/2020 & 1282/2021 (क्रमश:) U/S 392/394/397/411/34 IPC & 25 Arms Act,** अन्तर्गत **थाना पश्चिम विहार पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि **उपर्युक्त दोनों अभियुक्त** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **उपर्युक्त दोनों अभियुक्त** फरार हो गए है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहे हैं)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 1282/2020 & 1282/2021 (क्रमश:) U/S 392/394/397/411/34 IPC & 25 Arms Act,** अन्तर्गत **थाना पश्चिम विहार पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1)जीतेंद्र उर्फ जीतेंद्र उर्फ जीतू और (2)जीतेंद्र उर्फ बाटा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.01.2026** को इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री प्रिया महेंद्र
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-09
पश्चिम, कमरा नंबर 307, तीसरी मंजिल
तीस हजारी कोटर्स, दिल्ली

DP/17172/OD/2025(Court Matter)


**खबर संक्षेप**

### दहिया बने वेतन विसंगति एवं शिकायत निवारण समिति के सदस्य

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने आईएएस अधिकारी, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग के आयुक्त एवं सचिव विजय सिंह दहिया को विकास गुप्ता के स्थान पर वेतन विसंगति एवं शिकायत निवारण समिति का सदस्य नियुक्त किया है।

### जगवीर बने असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर

चंडीगढ़। हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने संगठन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जगवीर मलिक को असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर (ग्रोथ) के पद पर नियुक्त किया है। जगवीर मलिक मूल रूप से भैंसवाल कलां, सोनीपत के निवासी हैं।

## लिंगानुपात में पिछले साल की तुलना में नौ अंक का आया उछाल

चंडीगढ़। सरकार की सख्ती के चलते अवैध गर्भपात करवाने वाली महिलाओं में कमी आई है। असर यह हुआ कि इस वर्ष पिछले वर्ष 2024 की तुलना में 23 प्रतिशत कम गर्भपात के मामले हुए हैं। हजारों बेटियों की जान बच गई जिसके कारण लड़कियों का लिंगानुपात भी गत वर्ष के 909 के मुकाबले इस वर्ष बढ़कर 918 तक जा पहुंचा है।अवैध लिंगानुपात की जांच एवं गर्भपात को रोकने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा गठित स्पेशल टास्क फ़ोर्स की आज फिर साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के सचिव एवं नेशनल हेल्थ मिशन हरियाणा के मिशन डायरेक्टर आरएस ढ़िल्लो ने की। इस अवसर पर बैठक में स्वास्थ्य सेवाएं के महानिदेशक डॉ मनीष बंसल व अन्य मौजूद रहे।

## 328 बाढ़ नियंत्रण योजनाओं की तत्काल समीक्षा के निर्देश

चंडीगढ़। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने उपायुक्तों को 528 करोड़ की लागत वाली 328 बाढ़ नियंत्रण प्राथमिक योजनाओं की तत्काल समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर पहले आबादी क्षेत्र (आबादी देह) की सुरक्षा और उसके बाद कृषि भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा तीन दिनों के भीतर मुख्यालय को रिपोर्ट सौंपी जाए। ये निर्देश उन्होंने 55वीं हरियाणा स्टेट टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी ऑन फ्लड्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि सभी कार्य आगामी मानसून से पहले पूरे किए जाने चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन को फील्ड स्तर पर कार्यों की सख्त निगरानी, गुणवत्ता नियंत्रण और समय-सीमा के पालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय गृहमंत्री आज पंचकूला में, कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे

# शाह के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद पचास से ज्यादा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तैनात

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को पंचकूला पहुंच रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शाह के आगमन से पहले ही चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा का पहरा लगा दिया गया है। उनके दोपहर बाद पंचकूला में कार्यक्रमों को लेकर चंडीगढ़ और पंचकूला में ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी कर दी है। इतना ही नहीं शाह के आगमन को लेकर हरियाणा सीएमओ (मुख्यमंत्री ऑफिस) के आला-अफसर खुद नजर रख रहे हैं। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में क्लास वन अधिकारी, पुलिस अफसर पंचकूला पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। जानकारी अनुसार केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह हरियाणा पंचकूला में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। 24 दिसंबर बुधवार को राष्ट्रीय स्तर के सतत कृषि में सहकारिता की भूमिका पर सहकारी सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसका वक्त शाम तीन बजकर 15 मिनट पर रखा गया है।

### पासिंग आउट परेड का करेंगे निरीक्षण



यह सेक्टर पांच पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में होगा, जिसके चारों तरफ का एरिया पूरी तरह से सील कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस और सामान्य पुलिस के साथ ही कई आसपास के भवनों पर भी पुलिस सुरक्षा का पहरा रहेगा। इस कार्यक्रम के बाद में हरियाणा पुलिस का दीक्षांत परेड समारोह आयोजन भी पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में होगा, जिसके लिए शाम चार बजकर 15 मिनट का समय है। बताया गया है कि हरियाणा पुलिस की पासिंग आउट परेड में 5061 नव प्रशिक्षित जवान शामिल होंगे। शाह और बाकी मेहमानों के आने को लेकर चंडीगढ़ एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक चप्पे चप्पे पर कड़ी सुरक्षा का पहरा रहेगा। खास बात यह है कि जिस मार्ग का इस्तेमाल होगा वहां वहां पर भी भारी पुलिस फोर्स का पहरा रहेगा। इसको लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | फतेहाबाद जिले में टोहाना में नये बस स्टैंड (6 बेज) के लैंडस्केपिंग कार्य के विकास हेतु आकलन। | 19.12.2025 30.12.2025 | 10.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में आरडी 17895 पर रत्ताखेड़ा जिला और आरडी 17947 पर भुना रतिया रोड क्रॉसिंग रतिया सब ब्रांच (सुखचैन कैनाल) पर पुल का पुनर्निर्माण / विस्तार। | 19.12.2025 29.12.2025 | 52.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in 5209016 |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल ब्लॉक में लिफ्ट का प्रावधान। | 19.12.2025 29.12.2025 | 7.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प रोहतक | अलेवा में रेवेन्यू ऑफिसर्स के 2 अदद आवास और 8 अदद ट्रांजिट फ्लैट्स का निर्माण (इलैक्ट्रिकल पैनल का प्रावधान केवल)। | 22.12.2025 29.12.2025 | 0.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में ऑफिसर कॉलोनी में रेवेन्यू ऑफिसर्स/कर्मचारियों के लिए 56 अदद आवासों का निर्माण। | बंद होने की तिथि 09.01.2026 | 2071.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव हरफाला ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल (जीडब्ल्यूएम) की शोधन प्रक्रिया और ड्रेन्स का निर्माण + 6 कार्य। | 22.12.2025 31.12.2025 | 200.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव हुल्लाहेड़ी ब्लॉक सोनीपत में आईपीबी फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 22.12.2025 30.12.2025 | 80.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | वर्ष 2025 के मॉनसून के पश्चात कैनाल कॉलोनी, हिसार रोड, सिरसा से जंगली वनस्पति/जंगल और मलबा ढेरों को हटाना। | बंद होने की तिथि 29.12.2025 | 1.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | रबी सीजन 2025-26 से पूर्व आरडी 0 से 43050 तक टेल माइनर की आंतरिक सफाई + 4 कार्य। | 19.12.2025 26.12.2025 | 6.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | विभिन्न घाटों समेत आरडी 0 से 27000 तक भिवानी सब ब्रांच की रिमॉडलिंग + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.01.2026 | 5849.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मण्डी डबवाली | कालांवाली कस्बा अमरूत 2.0 :- "2 अदद एस/एस टैंक, पीसी, चारदिवारी, रोड और पथ के निर्माण, फिल्टर बैड्स की मरम्मत, जलघर पर फालतू मिट्टी को हटाना और सम्प वैल, पीसी, राइजिंग मेन, चारदिवारी का निर्माण, 2 अदद नये बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण और 3 अदद बूस्टर्स का संवर्धन, कार्य अर्थात यूजीआर, प्रत्येक बूस्टर पर पम्पिंग मशीनरी और टैप कनेक्शनों के साथ-साथ वितरण प्रणाली का निर्माण और वाटर मीटर तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी।" सीएच.हैड :- कालांवाली :- जलापूर्ति योजना का अपडेशन, पुनरोद्धार, 2 अदद बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और कालांवाली कस्बा जिला सिरसा में वितरण प्रणाली का मजबूतीकरण (अमरूत 2.0)। | 19.12.2025 05.01.2026 | 904.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 12 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मण्डी डबवाली | मण्डी डबवाली अमरूत 2.0 :- "3 अदद स्वच्छ जल टैंक, 4.00 एमएलडी डब्ल्यूटीपी, रोड और पथ का निर्माण, एससीएडीए सिस्टम की मरम्मत, द्वितीय जलघर पर पम्पिंग मशीनरी, फिल्टर बैड की मरम्मत, पुराने जलघर में एससीएडीए सिस्टम, पम्पिंग मशीनरी की मरम्मत और सम्प वैल, पीसी, राइजिंग मेन, चारदिवारी का निर्माण, बूस्टिंग स्टेशन, 2 अदद यूजीआर, पीसी, चारदिवारी, आईपीबी रोड, पम्पिंग मशीनरी का निर्माण, स्टील ट्रस ब्रिज और टैप कनेक्शनों के साथ-साथ वितरण प्रणाली का निर्माण तथा वाटर मीटर और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य"। सीएच. हैड :- मण्डी डबवाली :- जलापूर्ति योजना के अपग्रेडेशन और लैब कॉम्पलैक्स के निकट बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण और मण्डी डबवाली जिला सिरसा में वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण हतु आकलन (अमरूत 2.0)। | 19.12.2025 05.01.2026 | 1089.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | लोहारू फीडर के आरडी 12840 पर डी.आर. ब्रिज का पुनर्निर्माण + 2 कार्य। | 18.12.2025 01.01.2026 | 461.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1250297003 xenlwsdadri@gmail.com |
| 14 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रेवाड़ी | गांव बिसोहा में प्रोटेक्शन वॉल। | 19.12.2025 29.12.2025 | 13.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812789127 ascorewari2025@gmail.com |
| 15 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रेवाड़ी | गांव नंधा में तालाब का पुनरोद्धार। | 19.12.2025 29.12.2025 | 13.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812789127 ascorewari2025@gmail.com |
| 16 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हिसार | गांव सातरोड कलां (हिसार-I)/भागाना (हिसार-I)/रामायण (हांसी-I) में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजेक्ट के माध्यम से सैलाइन भूमि और वाटरलॉग्ड सोइल का रिक्लेमेशन। | 22.12.2025 05.01.2026 | 448.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813562162 ascohisar@gmail.com |
| 17 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हिसार | गांव मदनहेड़ी, ब्लॉक हांसी-II में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजेक्ट के माध्यम से भूमि विकास कार्यक्रम। | 22.12.2025 05.01.2026 | 213 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813562162 ascohisar@gmail.com |
| 18 | वन विभाग चरखी दादरी | रेंज फोरेस्ट ऑफिस का निर्माण। | 20.12.2025 29.12.2025 | 31.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901296600 dfodadri@yahoo.com |
| 19 | वन विभाग भिवानी | बिल्डिंग आरएफओ आवास लोहारू के निर्माण हेतु निविदा। | 08.12.2025 31.12.2025 | 14.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242430 dfo.bhiwani@yahoo.com |
| 20 | बागवानी विभाग, सीओई, पियानगवा, नूह | वर्ष 2025-26 हेतु सीओई, पिनांगवान (नूह) में "नये एल्यूमीनेट नेट, ग्रीन शैड नेट, पॉलीनेट हाउस और प्रोटेक्टेड स्ट्रक्चर में अन्य नई मदों की मरम्मत और स्थापना" हेतु पुनर्निविदा। | 24.12.2025 07.01.2026 | ईएमडी 30000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |
| 21 | बागवानी विभाग, सीओई, पियानगवा, नूह | वर्ष 2025-26 हेतु सीओई, पिनांगवान (नूह) में "प्याज पौध उत्पादन हेतु मेनियल कार्यों और जॉब रोल आधार पर अन्य केन्द्र कार्यों के लिए दर अनुबंध" हेतु पुनर्निविदा। | 24.12.2025 07.01.2026 | ईएमडी 30000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/420/41398/I/88/6 दि. 23.12.25

रोहतक
बुधवार, 24 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 325
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 25.1
न्यून. 5.5

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सुबह 8.54 बजे एलवीएम-एम6 रॉकेट का होगा प्रक्षेपण

# इसरो आज लॉन्च करेगा ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह


लांचिंग की तैयारी

- स्मार्टफोन को उच्च गति वाली सेल्युलर ब्रॉडबैंड सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया
- पृथ्वी की निम्न कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया जाने वाला अब तक सबसे भारी पेलोड होगा

**श्रीहरिकोटा(एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि अमेरिका के एक नए पीढ़ी के संचार उपग्रह को ले जाने वाले एलवीएम-एम6 रॉकेट के प्रक्षेपण के लिए 24 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार को यहां शुरू हो गई। एक समर्पित वाणिज्यिक मिशन के तहत इसरो बुधवार को सुबह 8.54 बजे इस अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण पैड से भारी सामान को ले जाने वाले अपने प्रक्षेपण यान एलवीएम3-एम6 के जरिए 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' का प्रक्षेपण करेगा। 6,100 किलोग्राम वजनी यह संचार उपग्रह एलवीएम3 के प्रक्षेपण अब तक सबसे भारी पेलोड होगा।

### वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना

इससे पहले सबसे भारी पेलोड एलवीएम3-एम5 संचार उपग्रह-03 था, जिसका वजन करीब 4,400 किलोग्राम था और जिसे इसरो ने दो नवंबर को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था। बुधवार का यह मिशन 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' और अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच हुए वाणिज्यिक समझौते के तहत संचालित किया जा रहा है।

पेपर लीक मामले में हो रहे नए खुलासे, अन्य आरोपियों को तलाश रही पुलिस

# सीएसआईआर-यूजीसी नेट पेपर ठगी मामला : धीरज मास्टरमाइंड भाई नीरज व दोस्तों के साथ मिलकर बनाया फर्जीवाड़े का नेटवर्क

## अभ्यर्थियों को इकट्ठा करना, ठहराने की पूरी योजना धीरज, पवन और आशीष ने बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा में पेपर लीक कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से ठगी करने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। इस पूरे षड्यंत्र का मास्टरमाइंड रोहतक के गांव करौंथा निवासी धीरज बताया जा रहा है, जिसने अपने ही सगे भाई नीरज को इस फर्जीवाड़े में शामिल किया। नीरज वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग में सरकारी नौकरी पर कार्यरत है। मामले के उजागर होने के बाद उसकी नौकरी पर भी गंभीर संकट खड़ा हो गया है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि धीरज ने अपने भाई नीरज के अलावा गांव के ही दोस्त सचिन को भी विश्वास में लेकर पूरा नेटवर्क तैयार किया। पूछताछ में नीरज और सचिन ने स्वीकार किया कि अभ्यर्थियों को एकत्र करना, उन्हें ठहराने की व्यवस्था करना और कथित प्रश्नपत्र सॉल्व कराने की पूरी योजना धीरज, पवन और आशीष ने मिलकर बनाई थी। उन्होंने यह भी माना है कि कथित प्रश्नपत्र नीरज के मोबाइल फोन के माध्यम से भेजा गया था, जिसकी व्यवस्था धीरज ने की थी।

### अभ्यर्थियों को अभ्यास भी कराया

**परीक्षा से पहले किया था सचिन और नीरज से संपर्क**

पुलिस के अनुसार परीक्षा से तीन से चार दिन पहले धीरज ने नीरज और सचिन से संपर्क किया था। उन्हें चिड़ाना स्थित रायत बाहरा कॉलेज पहुंचने को कहा गया था। वहां पहुंचने पर दोनों की मुलाकात आशीष मुडलाना से हुई, जहां कुल 37 अभ्यर्थी मौजूद थे। इनमें 16 कैमिस्ट्री और 21 लाइफ साइंस विषय के छात्र थे। धीरज ने दोनों विषयों के दो-दो सेट सॉल्व कर उनके पास भेजे थे।



**धीरज और पवन की तलाश तेज**

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की विशेष जांच टीम ने मुख्य आरोपित धीरज और उसके साथी पवन की तलाश तेज कर दी है। एसआईटी की टीमें दिल्ली, चंडीगढ़ और जयपुर में लगातार दबिश दे रही हैं। इन संभावित ठिकानों की जानकारी खुद नीरज और सचिन ने पुलिस को दी है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही दोनों मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### नीरज पर विभागीय कार्रवाई की तलवार

स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत नीरज की भूमिका सामने आने के बाद प्रशासनिक स्तर पर भी हलचल मच गई है। यदि जांच में उसकी संलिप्तता प्रमाणित होती है तो उसके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई के साथ-साथ विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है। जानकारों का मानना है कि यह मामला केवल ठगी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा गंभीर अपराध है। एसआईटी पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी है।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक एक जनवरी को



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक जनवरी साल के पहले ही दिन मंत्रिमंडल की बैठक बुला ली है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक सुबह 11.00 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय में बुलाई है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में सूचना जारी की गई है। माना जा रहा है कि नए साल के पहले दिन सीएम लोगों को सौगात दे सकते हैं। *एजेंसी*

### संसद के शीतकालीन सत्र का हुआ सत्रावसान

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद संसद का एक दिसंबर से शुरू हुआ शीतकालीन सत्र बीते 19 दिसंबर को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस दौरान लोकसभा और राज्यसभा की उत्पादकता क्रमशः 111 और 121 प्रतिशत दर्ज की गई। इस सत्र में 15 बैठकें हुईं जो 92 घंटे 25 मिनट तक चलीं। सत्र में कुल 10 सरकारी विधेयक पेश किए गए और आठ को मंजूरी दी। *एजेंसी*

### तीन दिन चलेगी नीरज-हिमानी की रिसेप्शन



**गन्नौर।** नीरज चोपड़ा व हिमानी मोर की शादी के बाद आयोजित होने वाली रिसेप्शन पार्टियों तीन दिन तक चलेंगी। लड़सौली गांव की रहने वाली हिमानी मोर की स्वजन ने बताया कि 25 दिसंबर को नीरज के परिवार की ओर से करनाल स्थित द ईडेन गार्डन में पहली रिसेप्शन पार्टी आयोजित की जाएगी। 27 को दिल्ली के लीला होटल में दूसरी रिसेप्शन पार्टी होगी। 29 दिसंबर को हिमानी के परिवार की ओर से समालखा स्थित द रायल वैनिटीन में आयोजित किया जाएगा। *एजेंसी*

### ईडी-सीबीआई विपक्ष के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहे : राहुल

**बर्लिन।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर भारतीय संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। राहुल ने कहा- भाजपा संविधान की उस मूल भावना को खत्म करना चाहती है, जो नागरिकों को समान अधिकार देती है। राहुल 17 से 19 दिसंबर तक जर्मनी दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान 18 अक्टूबर को उन्होंने बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया था। कांग्रेस ने बातचीत का एक घंटे लंबा वीडियो जारी किया। *एजेंसी*

घुसपैठ रोकने के लिए कश्मीर पुलिस-सेना का जॉइंट ऑपरेशन

# श्रीनगर से जम्मू तक 80 गांवों में घर-घर तलाशी अभियान



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में आतंकी घुसपैठ की आशंकाओं के बीच सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा कदम उठाया है। सीमा से सटे इलाकों में आतंकियों की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लिए सेना, बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चला रही है। यह सर्चिंग बॉर्डर एरिया के 80 से ज्यादा गांवों में चलाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, खुफिया इनपुट मिले थे कि आतंकी संगठन घने कोहरे, सर्द मौसम और दुर्गम इलाकों का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं। इसी के मद्देनजर यह बड़ा ऑपरेशन शुरू किया गया है।

### यहां चलाया गया अभियान

- जम्मू, सांबा, कठुआ और राजौरी जैसे संवेदनशील सीमावर्ती जिलों में जवान घर-घर जाकर तलाशी ले रहे हैं।
- सांबा के बाबर नाला, पालोरा, त्रेयाल, मनसर और चिल्ला डांगा जैसे इलाकों में तलाशी ली जा रही है।
- अखनूर सेक्टर के प्रगवाल और आसपास के गांवों में भी सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है।
- जम्मू जिले में पंसर, मनियारी, पहाड़पुर, तप्पन, मरीड़, तरनाह नाला, बैन नाला और किशनपुर कांडी समेत कई गांवों में तलाशी जारी है।
- अमीराकदल और महाराजा बाजार के घनी आबादी वाले इलाकों में एक्सप्लोसिव, हथियार, और एम्युनिशन की तलाश के लिए स्निफर डॉग और मेटल डिटेक्टर को लगाया गया।
- राजौरी के थानामंडी और मंजाकोट में व्यापक अभियान जारी है।

हिंदू युवक की हत्या के विरोध में उबाल, देशभर में प्रदर्शन

# भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को किया तलब, एक हफ्ते में दूसरी बार भेजा समन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ढाका

भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया है। उन्हें एक हफ्ते में दूसरी बार समन किया गया है। इससे पहले मंगलवार सुबह बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया था। यह एक 10 दिन में दूसरी बार था, जब भारतीय उच्चायुक्त को बुलाया गया। बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भारत विरोधी प्रदर्शनों और फिर मैमन सिंह जिले में दीपू की मॉब लिंचिंग को लेकर दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं। दूसरी ओर बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने मंगलवार को देशभर में प्रदर्शन किया।

विहिप और बजरंग दल की पुलिस से झड़प
●
मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल में निकाली रैलियां
●
छह शहरों में सड़कों पर उतरे लोग



*विहिप के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर किया प्रदर्शन*

**पुलिस के साथ झड़प**

मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग।

### धार्मिक टिप्पणी के नहीं मिले सबूत

बांग्लादेश में 18 दिसंबर की रात हिंदू युवक दीपू चंद्र की हत्या कर दी गई थी। पहले यह दावा किया जा रहा था कि दीपू ने फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी, लेकिन शुरुआती जांच में इसका कोई सबूत नहीं मिला।

### बांग्लादेश ने हमले को लेकर चिंता जताई

बांग्लादेश ने मंगलवार को भारत में अपने राजनयिक मिशनों पर हुए हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई। विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक इन घटनाओं के विरोध में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया गया। घटनाएं नई दिल्ली और सिलीगुड़ी में हुईं। बांग्लादेश ने कहा कि यह हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाएं अस्वीकार्य हैं। ऐसे कृत्य न सिर्फ राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं, बल्कि आपसी सम्मान, शांति और सहिष्णुता जैसे मूल्यों को भी कमजोर करते हैं। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रणय वर्मा को भारत में बांग्लादेशी मिशनों की सुरक्षा स्थिति को लेकर बुलाया गया। उन्हें निर्देश दिया गया कि सभी दूतावासों और संबंधित ठिकानों की सुरक्षा कड़ी की जाए।

### भारत-बांग्लादेश में बढ़ता जा रहा तनाव

**14 दिसंबर**
बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणव वर्मा को तलब किया। शेख हसीना के बयानों पर नाराजगी जताई

**18 दिसंबर**
बांग्लादेश के मैमनसिंह में 27 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या। हत्या के बाद शव को आग लगा दी गई

**19 दिसंबर**
दीपू चंद्र दास की हत्या को लेकर बांग्लादेश और बाहर के देशों में आक्रोश

**20 दिसंबर**
भारत के विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर गहरी चिंता जताई। नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन

**22 दिसंबर**
सिलीगुड़ी में बांग्लादेश वीजा सेंटर में तोड़फोड़। इसके जवाब में बांग्लादेश ने नई दिल्ली में वीजा जारी करना रोका। सिलीगुड़ी में भी वीजा सेवाएं निलंबित कर दीं। सुरक्षा का हवाला दिया।

**23 दिसंबर**
नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन। बांग्लादेश ने भारत के उच्चायुक्त को तलब किया

संबंधित खबर पेज-5 पर

झज्जर में हादसा, तेज रफ्तार के कारण खोया नियंत्रण

# तुड़े से भरा ट्रक कार पर पलटा, 5 लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



हरियाणा के झज्जर में तूड़ी से भरा तेज रफ्तार ट्रक एक कार पर पलट गया। हादसे में कार सवार सभी पांचों लोगों की मौत हो गई। हादसा देर शाम 8 बजे सिलानी गांव के पास हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक हटाकर कार सवारों को बाहर निकाला गया। पांचों लोगों की मौके पर मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए झज्जर के सामान्य अस्पताल भिजवा दिए हैं। मृतकों में ठेकेदार और 4 मजदूर शामिल हैं। इनमें ठेकेदार झज्जर के सुहरा और मजदूर उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। सभी एक निर्माणाधीन घर की शटरिंग लगाकर लौट रहे थे। सुहरा गांव निवासी घनश्याम किशोर (50) शटरिंग लगाने का काम करता था। उत्तर प्रदेश में संभल जिले के बजेटा गांव निवासी अखिलेश (22), जयवीर (30), आजमगढ़ के पावरपुर निवासी जर्नादन उर्फ मुन्ना और पिंटू घनश्याम की दुकान पर ही काम करते थे।

# ज्यादा पिज्जा-बर्गर खाने से 11वीं की छात्रा की मौत

**अमरोहा।** उत्तरप्रदेश के अमरोहा में 11वीं की छात्रा की फास्टफूड खाने की वजह से मौत हो गई। दिल्ली एम्स में उसका इलाज चल रहा था। डॉक्टर ने बताया कि ज्यादा फास्टफूड खाने की वजह से लड़की की आंतें आपस में चिपक गई थीं। पाचन तंत्र पूरी तरह से डैमेज हो गया था। उसका ऑपरेशन भी किया गया, लेकिन बच नहीं पाई। घरवालों का कहना है कि अहाना बचपन से ही घर के खाने की जगह चाऊमीन, पिज्जा और बर्गर ही खाती थी। वही उसके मौत की वजह बन गई। मामला अफगानान मोहल्ले का है। अफगानान मोहल्ले में मंसूर अली खान का परिवार रहता है। घर में पत्नी सारा खान, दो बेटियां मारिया (23) और अहाना (16) और एक बेटा आवान थे। मंसूर अली खेती-किसानी करते हैं।

एम्स के डॉक्टर बोले-आंतें खराब हो गईं

एक से 15 जनवरी तक बंद रहेंगे स्कूल

# प्रदेश के स्कूलों में सर्दी की छुट्टियों का ऐलान

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** कड़ाके की सर्दी और चुनौती भरे मौसम को देखते हुए सरकार ने राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, सभी स्कूल एक जनवरी 2026 से 15 जनवरी 2026 तक बंद रहेंगे। 16 जनवरी 2026 से स्कूल पहले की तरह नियमित रूप से खुल जाएंगे। बोर्ड कक्षाओं के लिए विशेष निर्देश-शिक्षा विभाग ने साफ कर दिया है कि कि छुट्टियों के दौरान भी 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए बुलाया जा सकता है। ये प्रक्रिया सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोड्र्स के नियमों के अनुसार होगी इसलिए बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को स्कूल से मिलने वाले निर्देशों का खास ध्यान रखना होगा।

10वीं-12वीं के छात्रों को प्रैक्टिकल के लिए बुलाया जा सकता है



ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी

# एसआईआर: मप्र में 42.74 लाख छत्तीसगढ़ में 27 लाख नाम कटे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश में एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की है। इसके मुताबिक राज्य की वोटर लिस्ट में से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इनमें 19.19 लाख पुरुष और 23.64 लाख महिलाएं हैं। इसके अलावा 8.40 लाख नाम ऐसे हैं, जिनकी मैपिंग नहीं हुई है। इसके अलावा केरल में 24.08 लाख और छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट में से हटाए गए हैं। छत्तीसगढ़ में 6.42 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 19.13 लाख दूसरी जगह शिफ्ट हुए और 1.79 लाख डुप्लीकेट पाए गए। इससे पहले चुनाव आयोग ने 7 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश- पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी। इन राज्यों में अलग-अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए थे। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख, बंगाल से 58 लाख और राजस्थान से 44 लाख नाम ड्राफ्ट लिस्ट में से बाहर किए गए हैं।

*केरल में 24 लाख नाम हटे, पहले 7 राज्यों से 2.70 करोड़ नाम हटे थे*

लंबे समय से चल रहे थे बीमार, रायपुर एम्स में ली अंतिम सांस

# ज्ञानपीठ से सम्मानित साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का 88 साल की उम्र में निधन

शुक्ल पिछले 50 साल से कर रहे थे लेखन

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के मशहूर कवि, कथाकार और उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल का 88 साल की उम्र में मंगलवार शाम को निधन हो गया है। एक महीने पहले ही उन्हें भारत के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाजा गया था। विनोद शुक्ल पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। उनका रायपुर एम्स में इलाज चल रहा था। साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ के महाप्रबंधक आरएन तिवारी ने वाग्देवी की प्रतिमा और पुरस्कार का चेक सौंपकर उन्हें सम्मानित किया था। ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले वे छत्तीसगढ़ के पहले साहित्यकार हैं।

*विनोद कुमार शुक्ल ने कहा था- जब हिन्दी भाषा सहित तमाम भाषाओं पर संकट की बात कही जा रही है, मुझे पूरी उम्मीद है कि नई पीढ़ी हर भाषा और हर विचारधारा का सम्मान करेगी। किसी भाषा या अच्छे विचार का नष्ट होना, मनुष्यता का नष्ट होना है।*

### हर मनुष्य को जीवन में एक किताब जरूर लिखनी चाहिए

लंबे समय से बच्चों और किशोरों के लिए भी लेखन कर रहे विनोद कुमार शुक्ल ने कहा था कि उन्हें नई पीढ़ी से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा, अच्छी किताबें हमेशा साथ रखनी चाहिए। किसी भी क्षेत्र में शास्त्रीयता को पाना है तो उस क्षेत्र के सबसे अच्छे साहित्य के पास जाना चाहिए। आलोचना पर उन्होंने अपने स्वभाव के अनुरूप बेहद सरल लेकिन गहरी बात कही- अगर किसी अच्छे काम की आलोचना की जाती है, तो वही आलोचना आपकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है। कविता की सबसे अच्छी आलोचना है- एक और बेहतर कविता लिख देना।



### पीएम मोदी ने जाना था हालचाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विनोद कुमार शुक्ल से उनका हाल-चाल जाना था। पीएम छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस पर रायपुर आए थे। इस दौरान विनोद कुमार शुक्ल ने प्रधानमंत्री से कहा था कि, 'लिखना मेरे लिए सांस लेने जैसा है। मैं जल्द से जल्द घर लौटना चाहता हूं - मैं लिखना जारी रखना चाहता हूं।'

## खबर संक्षेप

### दो तस्करों को 3-3 साल की कैद व जुर्माने की सजा

**फतेहाबाद।** एनडीपीएस एक्ट की फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज हेमंत यादव की अदालत ने एक एनडीपीएस मामले में दोषी 2 युवकों को 3-3 साल की कैद व 30-30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में तीसरे दोषी को अदालत ने अंडरगोन करते हुए 10 हजार जुर्माना लगाया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में सरकारी वकील नवीन कुमार ने पैरवी की। शहर पुलिस ने शक्ति नगर, फतेहाबाद निवासी संदीप उर्फ सैंडी, कृष्ण उर्फ काका और सन्यास आश्रम रोड निवासी सुमित सोनी को 18 अक्टूबर 2017 को 64 ग्राम हेरोईन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था तबसे मामला विचाराधीन था।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**नारनौल।** बीती शाम को पाली के नजदीक हुए ट्रेन हादसे में नारनौल जीआरपी ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इत्तेफाकिया हादसे की कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार गांव पाली (रेवाड़ी) निवासी करीब 26 वर्षीय संगीता पत्नी जतिन यादव बीती शाम को करीब साढ़े तीन बजे जब डीएफसी लाइनों को पार कर रही थी, तब अचानक से मालगाड़ी की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### घर के बाहर सो रहे युवक पर बदमाशों का हमला



**नारनौल।** नांगल चौधरी थाना क्षेत्र में रात को घर के बाहर सो रहे एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने इस बारे में पुलिस में शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना 20-21 दिसंबर रात करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। जिसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। नायन गांव की ढाणी चीमा वाली वासी सुरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि घटना के समय अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान एक बोलेरो कैंपर में सवार होकर आए बदमाश उनके घर पहुंचे। लोहे की रॉड व धारदार हथियार से हमला कर दिया।

### दस करोड़ की विदेशी शराब केस में मालिक धरा

**गुरुग्राम।** एसआईटी ने वाइन शॉप से करोड़ों की अवैध विदेशी शराब के मामले में शॉप मालिक को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सुग्रीव कुमार बिश्नोई की शॉप में 50 फीसदी हिस्सेदारी है, और वह पुलिस से बचने के लिए विदेश भाग गया था। पुलिस ने इंटरपोल की मदद से लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करवाई। जिसके बाद आरोपी को इंडोनेशिया से उसे डिपोर्ट किया गया। इंडोनेशिया से भारत लौटने पर उसे एयरपोर्ट से ही काबू कर लिया गया। आरोपी को अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले में पुलिस गहनता से पूछताछ करेगी।

**धान उत्पादन में पिछले साल से 25 फीसदी तक आई कमी, अभी और तेजी के आसार**

# भारत-ईरान के बीच एक्सपोर्ट खुलने व रमजान जल्दी आने से बासमती के दामों में तेजी

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

ईरान के साथ व्यापार खुलने और रमजान जल्दी आने के चलते बासमती के दामों में लगातार तेजी बनी हुई है। यही कारण है कि अब बासमती के दाम बढ़कर करीब 4200 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं। दिवाली के करीब जब बासमती की आवक शुरू हुई थी, तब से यह करीब 1500 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी है। तब बासमती के दाम करीब 2600 से 2800 रुपये प्रति क्विंटल थे। मंगलवार को यहां बासमती का भाव 4200 से ऊपर खुला। दरअसल, इस बार बेमौसमी बरसात होने से धान के उत्पादन में 25 फीसदी की कमी आई है। करीब एक माह पूर्व बासमती की 1121 वैरायटी के भाव 3000-3200 रुपये प्रति क्विंटल के करीब चल रहे थे, जिसके दामों में अब एक हजार रुपये की वृद्धि हो गई है। मंगलवार को इसके दाम 4200 के रेट को भी पार कर गए। ऐसे ही मुच्छल किस्म के दाम जो पहले 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल चल रहे थे, के भाव भी 15 प्रतिशत बढ़ गए हैं। अब मुच्छल के भाव 3800 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं। ऐसे ही बासमती की अन्य किस्मों के दाम भी धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं।



**फतेहाबाद।** चावल एक्सपोर्टर जिंदल इंडस्ट्रीज।

### बरसात देर तक चलने से पछेती फसल को काफी नुकसान पहुंचा

इस बार मानसून की बरसात देर तक चलती रही। इसके कारण धान की फसल खासकर पछेती फसल को इसका काफी नुकसान पहुंचा। दरअसल, अक्टूबर मास तक बारिश का दौर चलता था। यही समय होता है जब बासमती की विभिन्न प्रकार की किस्में पकने को तैयार होती है। मण्डियों में सबसे पहले 1509 किस्म का धान आता है। इस बार टोहाना, जाखल, रतिया, फतेहाबाद में हजारों एकड़ धान की फसल पानी में डूब गई थी।

### इस बार 15 से 20 मन तक धान उत्पादन में कमी आई

धान उत्पादक किसान व कृषि विशेषज्ञ तभी से मानने लगे थे कि इस बार बासमती किस्म के धान के उत्पादन में कमी आएगी। मण्डियों में धान आया तो औसत अंदाजा भी लगाया गया कि इस बार 15 से 20 मन तक धान उत्पादन में कमी आई है। यही हाल पूरे प्रदेश में था बल्कि यूं कहें कि धान उत्पादक प्रत्येक राज्य में इस बार बासमती धान के उत्पादन में कमी आई है। अक्टूबर में जब धान मण्डियों में आना शुरू हुआ तो इसके शुरूआती दाम 2600 से 2800 रुपये प्रति क्विंटल के बीच चल रहे थे। अक्टूबर मास के मुकाबले धान की सभी किस्मों में 1400 से 1500 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी आई है। बता दें कि विदेशों में खासकर ईरान में बासमती के दामों में तेजी आने से किसानों और व्यापारियों की बांछे खिल उठी है। हालांकि यहां के बासमती के उत्पादक किसानों की 80 फीसदी फसल बिक चुकी है और अब दामों में एकाएक तेजी आनी शुरू हो गई है। फतेहाबाद में इस वर्ष कुल 3 लाख 50 हजार एकड़ भूमि में धान की रोपाई हुई थी। इसमें 1 लाख 66 हजार एकड़ में अकेले बासमती की किस्मों की बिजाई की गई थी, जिसमें 1121, 1509, 1885 प्रमुख रूप से शामिल हैं। परमल धान की खरीद 15 नवम्बर से बंद हो चुकी है। बासमती किस्म के धान की खरीद निजी खरीददार करते हैं। इसके दाम पूरी तरह इंटरनेशनल मार्किट पर निर्भर करते हैं।

| किस्म | दो माह पहले | आज के दाम |
|---|---|---|
| 1121 | 3200 | 4215 |
| 1885 | 3100 | 3900 |
| 1718 | 3100 | 3800 |
| 1401 | 3000 | 4260 |
| 1847 | 2900 | 3300 |

### बासमती धान की डिमांड बढ़ गई

फतेहाबाद के बड़े राइस एक्सपोर्टर अजय जिंदल के अनुसार बासमती धान की झाड़ इस बार पिछले साल की तुलना में 25 फीसदी कम है। दूसरी ओर, रमजान जल्दी आने व भारत का ईरान के साथ व्यापार खुलने के कारण बासमती धान की डिमांड बढ़ गई है। इस कारण अब बासमती चावल के दामों में तेजी आ रही है। यह तेजी अभी ओर बरकरार रहेगी। सरकार परमल धान की खरीद करती है। परमल धान की खरीद 15 नवम्बर तक पूरी हो गई है। बासमती किस्म के धान की खरीद निजी खरीददार करते हैं। इस बार बासमती के दाम बीते वर्ष से काफी तेज है। यह भाव पूरी तरह इंटरनेशनल मार्किट पर निर्भर रहते हैं। एक्सपोर्ट खुलने व खाड़ी देशों में डिमांड आने के बाद यहां बासमती के दामों में तेजी आना स्वाभाविक है। -विनीत जैन, डीएफएससी

**भिवानी में रिपेयरिंग की दुकान में बाइक में हवा भरते हुए हुआ हादसा**

# एयर कंप्रेसर में ब्लास्ट, 2 की मौत दोनों के शरीर में लोहे के टुकड़े घुसे

**धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के इलाके में अफरा तफरी मच गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

बहल क्षेत्र के मंढोली कला गांव में हुए एक दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, हादसा एक बाइक रिपेयरिंग की दुकान में हुआ जिसमें हवा भरने वाले कंप्रेसर की टंकी अचानक से फट गई। घटना मंगलवार सुबह 9:00 बजे की है ।एक बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर दुकानदार ऋषि व एक अन्य युवक बैठे हुए थे । इसी दौरान अचानक से दुकान में रखी कंप्रेसर की टंकी फट गई और जोरदार धमाका हुआ। टंकी फटने से दुकान में बैठे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टंकी फटने से हुए धमाके से दुकान की छत और दीवारें फट गई और उनका मलबा दूर-दूर तक जा गिरा। मलबा गिरने से रास्ते चलते दो अन्य युवक भी गंभीर रूप सेघायल हो गए । घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरातफरी का माहौल हो गया और लोग घटनास्थल की तरफ दौड़े। लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया इस दौरान दुकानदार ऋषि व दुकान में बैठे युवक विजेंद्र की मौत हो गई ,जबकि घटना में घायल दो अन्य युवकों की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलने पर बहल पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया।



**बहल।** मौके पर बिखरा पड़ा रक्त व सामान।



**नूंह।** दुर्घटना के बाद कार के परखच्चे उड़े। फोटो: हरिभूमि

**नूंह: होडल-नगीना रोड पर एक होटल में खाना खाने जा रहे थे युवक**

## ट्रक की टक्कर से कार सवार तीन दोस्तों की मौत

**कटर से काटने पड़े दरवाजे, एयरबैग शरीर से चिपके**

**नूंह।** नूंह जिले में थाना बीछोर के अंतर्गत ट्रक की टक्कर से स्विफ्ट कार सवार 3 दोस्तों की मौत हो गई। 2 अन्य दोस्तों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। ट्रक ने कार में सामने से टक्कर मारी। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि करीब 20-30 मीटर तक ट्रक कार को अपने साथ ही धकेलता हुआ ले गया। आसपास के लोगों ने कार की खिड़कियां काटकर घायलों को बाहर निकाला। दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक युवक की अस्पताल पहुंचते समय मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ड्राइवर सीट पर बैठे युवक की छाती और पेट में स्टीयरिंग घुस गया। सीटबैल्ट भी आगे बैठे युवकों से चिपकी हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## रेवाड़ी: हथियारबंद बदमाशों ने दुकानदार को गोलियों से भूना

**बदमाशों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** मौके पर पहुंची पुलिस और वहां एकत्रित ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

जिले के गांव बहाला में एक कार में आए हथियारबंद बदमाशों ने दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने चारों ओर नाकेबंदी करते हुए बदमाशों को काबू करने के प्रयास शुरू कर दिए। सीआईए की टीमों को भी बदमाशों की धरपकड़ के लिए लगाया गया है। बदमाशों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही थी। बहाला निवासी लगभग 50 वर्षीय मोहनलाल की गांव के बस स्टैंड पर खाद-बीज की दुकान है। वह मंगलवार को शाम के समय अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान एक इंडिवर कार में कुछ लोग वहां आए। उन्होंने दवा देने के बहाने मोहन को दुकान से बाहर बुला लिया। इसी दौरान बदमाशों ने उस पर फायरिंग शुरू कर दी। चार गोलियां लगने के बाद मोहन जमीन पर गिर गया। दुकान पर बैठे उसके बेटे और भाई बाहर आए। उन्होंने बदमाशों को काबू करने के प्रयास किए, तो बदमाश उन्हें भी गोली मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों ने मोहनलाल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद थाना कोसली पुलिस व डीएसपी सुरेंद्र श्योराण मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने जिले की सीमाओं को सील करते हुए बदमाशों को काबू करने के प्रयास शुरू कर दिए। मोहनलाल के शव को मोर्चरी में रखवाया गया है, जहां बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। डीएसपी सुरेंद्र श्योराण ने परिजनों को आश्वास्त किया कि बदमाशों को काबू कर लिया जाएगा।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे अंबाला कैंट, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर संख्या | एलपी–मेड–03–यूएमबी–2025 |
| 2 | कार्य का नाम | मंडल रेलवे अस्पताल अम्बाला छावनी मे दवाइयां, की दैनिक स्थानीय खरीद के लिए रिटेल सप्लायर्स का दो वर्ष के लिए दरअनुबंध में प्रवेश करने के लिए आवेदन। |
| 3 | धरोहर राशि | रु 2,27,100/–मेडिसिन के लिए IREPS Portal पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतानके माध्यम से |
| 4 | कार्य अवधि | दो साल |
| 5 | टेंडर डालने व खोलने का अन्तिम तिथि व समय | टेंडर डालने का समय दिनाक 07.01.2026 को 15.00 बजे तक है तथा टेंडर दिनाक 07.01.2026 को 15.10 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर रेलवे अम्बाला छावनी के कार्यालय मे खोला जायेगा । |
| 6 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | https://ireps.gov.in निविदाकार दिनाक 22.12.2025 से अपने स्वयं के जोखिम पर बोली शुरू कर सकते है। |

न. एलपी–मेड–03–यूएमबी–2025 दिनाक 22.12.2025 3969/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### पार्षद ने रिश्वत लेकर जारी करवाई प्रॉपर्टी आईडी, एसीबी ने दर्ज किया भ्रष्टाचार का केस

**फतेहाबाद/रतिया।** रतिया के एक पार्षद पर रिश्वत लेकर प्रॉपर्टी आईडी बनवाने का मामला सामने आया है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पार्षद के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार रतिया निवासी हरप्रीत सिंह ने एसीबी को दी शिकायत में आरोप लगाया कि एम्प्लॉइज कॉलोनी, रतिया स्थित 6.40 मरले के प्लॉट की प्रॉपर्टी आईडी (एनडीसी) निकलवाने के लिए वार्ड नंबर-11 के पार्षद विजय कुमार ने 28 हजार रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता के अनुसार 26 जुलाई 2023 को उसने 20 हजार रुपये गूगल-पे के माध्यम से आरोपी के मोबाइल नंबर पर ट्रांसफर किए। जांच के दौरान एसीबी ने पाया कि पार्षद विजय कुमार द्वारा नगर पालिका के पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया, जिसमें व्यक्तिगत मोबाइल नंबर का उपयोग किया गया था। इसके बाद 4 सितंबर 2023 को शिकायतकर्ता द्वारा नगर पालिका रतिया के बैंक खाते में 16,387.32 रुपये ऑनलाइन जमा कराए गए और उसी दिन प्रॉपर्टी आईडी जारी होना सामने आया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि 5 सितंबर 2023 को पार्षद विजय कुमार ने शेष 8 हजार रुपये रिश्वत के रूप में मांगे, जिसकी कथित कॉल रिकॉर्डिंग शिकायतकर्ता द्वारा एसीबी हिसार को सौंपी गई है। मामले की प्रारंभिक जांच के बाद एसीबी हिसार मंडल ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार के तहत अभियोग दर्ज करने की सिफारिश की थी।

**वार्ड नंबर-11 के पार्षद विजय कुमार ने 28 हजार रुपये मांगे थे**

### एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने 90 लाख कीमत की हेरोइन के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार




**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी युवक पुलिस टीम के साथ। फोटो: हरिभूमि

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने शहर के पुराना रादौर रोड स्थित फ्लाई ओवर के नीचे से नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 810 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी तस्कर अपने जिस साथी को हेरोइन सप्लाई करने जा रहा था पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से बरामद हेरोइन की कीमत करीब 90 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। डीएसपी रजत गुलिया व एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को देर शाम सूचना मिली थी कि पुराना रादौर रोड स्थित फ्लाई ओवर के नीचे एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही टीम ने धर दबोचा।

### फोन हैक करके अकाउंट से 1.77 लाख निकाले

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने फोन हैक करके युवक के अकाउंट से 1,77,900 रुपये निकाल लिए। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। सिधरावली गांव निवासी संदीप ने बताया कि 17 दिसंबर को उसके मोबाइल हैककर वारदात को अंजाम दिया।


उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है:

| क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | UMB-Prkg-25-25 | खन्ना रेलवे स्टेशन पर 528.06 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले चार पहिया वाहन पार्किंग स्थल का आवंटन। | 29.12.2025, 12.00.00 |
| 2 | | अंबाला डिवीजन के अंतर्गत घग्घर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 410 वर्ग मीटर का पार्किंग स्थल, दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग। | |
| 3 | | बरवाला रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 300.3 वर्ग मीटर का व्यापक पार्किंग स्थल। | |
| 4 | | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 2384.74 वर्ग मीटर के पार्किंग क्षेत्र में सभी वाहनों (गैर–वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार "पिकअप / ड्रॉप" लेन (प्रवेश से निकास तक) का आवंटन। | |
| 5 | UMB-Prkg-26-25 | मालेरकोटला रेलवे स्टेशन के परिसंचार क्षेत्र में 1757.128 वर्ग मीटर (साइट प्लान के अनुसार) के कुल क्षेत्रफल में फैले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। | 30.12.2025, 12.00.00 |
| 6 | UMB-Prkg-27-25 | अंबाला डिवीजन के कालका रेलवे स्टेशन पर स्थित सामान्य पार्किंग क्षेत्र के साथ–साथ सभी वाहनों (गैर–वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए "पिकअप/ड्रॉप" लेन (प्रवेश से निकास तक) के लिए "पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार" अनुबंध पांच (5) वर्ष की अवधि के लिए। | 01.01.2026, 12.00.00 |

3982/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**श्रद्धांजलि** गुवाहाटी में शहीद हुए सिरसा के सुरजीत, मां ने चेहरा देख रोते हुए सैल्यूट किया

# शहीद सुरजीत का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, बेटे राहुल ने दी मुखाग्नि

**हजारों लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

क्षेत्र के गांव ढूकड़ा निवासी एसएसबी जवान शहीद सुरजीत सिंह का मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जैसे ही शहीद का शव गांव पहुंचा, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, शहीद सुरजीत सिंह पहले राजस्थान सीमा से सटे अपने पैतृक गांव गुडियाखेडा पहुंचे। वहां श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद चौपटा से जमाल होते हुए करीब दोपहर 2 बजे उनका पार्थिव शरीर ढूकड़ा लाया गया। इस दौरान क्षेत्र के हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। गांव ढूकडा, जमाल, गुडियाखेड़ा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। गांव के खेल मैदान में सलामी के बाद पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। शहीद के बेटे राहुल ने चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला, ऐलनाबाद विधायक भरतसिंह बैनीवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सरपंच संतोष बैनीवाल, चेयरमैन सूरजभान बुमरा, भाजपा नेता हनुमान कुंडू, नाथुसरी चौपटा तहसीलदार, थाना प्रभारी राधेश्याम, सरपंच राजेंद्र ढूकड़ा सहित हजारों की संख्या में वीर सपूत को नमन किया। बता दें कि एसएसबी जवान सुरजीत सिंह 20 दिसंबर को गुवाहाटी के सीवान क्षेत्र में ट्रक पलटने से हुए सडक़ हादसे में शहीद हो गए थे। शहीद सुरजीत के साथ आए फौजी साथियों ने बताया कि सुरजीत ड्यूटी पर जा रहा था तो वाहन में पांच जवान सवार थे और अचानक वाहन पलट गया और पांचों जवान शहीद हो गये। ग्रामीणों ने बताया कि सुरजीत मिलनसार और समझदार युवा था। शहीद सुरजीत सिंह का विवाह गांव नेजाडेला कलां निवासी सीमा रानी से हुआ था। उनके दो बेटे हैं।





**चोपटा।** शहीद सुरजीत सिंह को अंतिम विदाई देते जवान तथा शहीद बेटे सुरजीत के दर्शन करती मां। फोटो: हरिभूमि


उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

| क्र सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने कि तिथि समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपये | कार्य पूरा करने कि अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी-31/2025-26 | काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्टनन्स कान्ट्रैक्ट फॉर इलेक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग सिस्टम ऑफ एम/एस मेधा मैक एट 10 स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन फॉर पीरीयड ऑफ थ्री एयर्स | 19.01.2026 at 15.00 hrs | Rs. 25100548.80/- | Rs. 275500/- | 36 महीने |
| 2 | ओटी-32/2025-26 | काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्ट्नन्स कान्ट्रैक्ट फॉर जी.जी ट्रॉनिक्स मैक डिजिटल ऐक्सल काउन्टरस ओवर अंबाला डिविजन फॉर थ्री एयर्स | 19.01.2026 at 15.00 hrs | Rs. 34861412.88/- | Rs. 324300/- | 36 महीने |
| 3 | ओटी-33/2025-26 | काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्ट्नन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ एलडाइन मैक (मल्टी सेक्शन डिजिटल ऐक्सल काउन्टर) एम एस डी ए सी ओवर अंबाला डिवीजन फॉर थ्री एयर्स। | 19.01.2026 at 15.00 hrs | Rs. 7881442.56/- | Rs. 157600/- | 36 महीने |
| 4 | ओटी-34/2025-26 | रिलायबिलिटी इंप्रूवमेंट वर्क इन कनेक्शन विद इंप्रूवमेंट एण्ड स्ट्रेंग्थेनिंग ऑफ अर्थिंग एण्ड सर्ज प्रोटेक्शन सिस्टम्स फॉर सिगनलिंग इंस्टॉलेशन ओवर अंबाला डिवीजन। | 19.01.2026 at 15.00 hrs | Rs. 25108507.45/- | Rs. 275600/- | 180 दिन |

नोट:–
वरि. मंडल सिग0 एवं टेली0 इंजी0/उ0रे0 डी0आर0एम ऑफिस रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यो हेतु खुली निविदा दशायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करे।
1 टैन्डर डाकूमैन्ट व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लाग आन करें
2 निविदाकारो को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिगनेचर सटिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टेन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतो/शर्तो इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भाती भाती पढ ले।
संख्या एस डब्लू/सिग/अंबाला/एन आई टी–13/2025–26 दिनांक 23.11.2025 3980/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



हरियाणा सरकार



"सुशासन पर हम जितना बल देंगे, अंतिम छोर तक पहुंचने का हमारा लक्ष्य उतनी ही आसानी से पूरा होगा।"
- नरेन्द्र मोदी

# श्री अमित शाह
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

एवं

# श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

## की अध्यक्षता में
## राज्य स्तरीय कार्यक्रम

सम्मेलन से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

### मेगा सहकारी सम्मेलन
इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, सैक्टर-5, पंचकूला

### पुलिस पासिंग आउट परेड का निरीक्षण
(जिसमें 5,000 से अधिक प्रशिक्षु लेंगे भाग)
ताऊ देवीलाल स्टेडियम, सैक्टर-3, पंचकूला

पासिंग परेड कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

अनावरण कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

पूर्व प्रधानमंत्री
### स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण
प्रदर्शनी एवं अटल लाइब्रेरी का उद्घाटन
अटल पार्क, मनसा देवी कॉम्पलेक्स, सैक्टर-1, पंचकूला

रक्तदान शिविर का भी होगा आयोजन

साहिबजादा ज़ोरावर सिंह जी व साहिबजादा फ़तेह सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित
### वीर बाल दिवस
के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम
इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, सैक्टर-5, पंचकूला

वीर बाल दिवस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

आप सभी सादर आमंत्रित हैं

**दिनांक : 24 दिसम्बर, 2025**

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप

### अमित शाह करेंगे राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित

**नई दिल्ली।** कृषि को बढ़ावा देने, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की भूमिका के विस्तार, लघु एवं सीमांत किसानों की आय स्थिरता, सहकारिता आधारित कृषि मॉडल को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के अनुरूप मजबूत बनाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हेतु, कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा 24 दिसंबर को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन सहकार से समृद्धि सतत कृषि में सहकारिता की भूमिका का आयोजन किया जा रहा है।

### रेल संपर्कों को मजबूत बनाने के लिए विशेष पहल

**नई दिल्ली।** अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल सूचना द्वारा राजस्थान में रेल संपर्कों की कड़ी को सुदृढ़ करने के लिए राज्य के विभिन्न भागों में विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्थान के महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र उदयपुर में रेल सम्पर्क को बेहतर और सुदृढ़ करने के लिए उमरा - देबारी 25 किलोमीटर रेलखंड के दोहरीकरण कार्य के लिए 492 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

### तिरूपति-हिसार-तिरूपति साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

**नई दिल्ली।** रेलवे द्वारा यात्रियो की सुविधा हेतु तिरूपति-हिसार-तिरूपति साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 07717, तिरूपति-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 31.12.25 से 11.02.26 तक (07 ट्रिप) तिरूपति से प्रत्येक बुधवार को 23.45 बजे रवाना होकर षनिवार को 14.05 बजे हिसार पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 07718, हिसार-तिरूपति साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 04.01.26 से 15.02.26 तक (07 ट्रिप) हिसार से प्रत्येक रविवार को 23.15 बजे रवाना होगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# खुदरा महंगाई की गणना में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन स्रोत होंगे शामिल

## सरकार सीपीआई की विश्वसनीयता, सटीकता व गुणवत्ता में सुधार लाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की विश्वसनीयता, सटीकता और गुणवत्ता में पर्याप्त सुधार लाने के उद्देश्य से खुदरा मुद्रास्फीति की गणना में ऑनलाइन स्रोतों के साथ-साथ ई-कॉमर्स मंच को भी शामिल करने का प्रस्ताव किया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) सीपीआई, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना के लिए आधार वर्षों को संशोधित करने की प्रक्रिया में है। सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-आधारित मुद्रास्फीति) की नई श्रृंखला के आंकड़े (2024 =100) को आधार वर्ष मानते हुए 12 फरवरी, 2026 को जारी किए जाने की संभावना है। मंत्रालय के अनुसार, 'इन वैकल्पिक और डिजिटल डेटा स्रोतों को अपनाने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की प्रतिनिधित्व क्षमता, विश्वसनीयता, सटीकता और समग्र गुणवत्ता में काफी सुधार होने की उम्मीद है।' मंत्रालय शहरी और ग्रामीण बाजारों में भी दायरा बढ़ा रहा है। साथ ही बदलते उपभोग प्रतिरूप को बेहतर ढंग से समझने के लिए ई-कॉमर्स मूल्य आंकड़े और अन्य डिजिटल स्रोतों को भी शामिल कर रहा है। जीडीपी आधार वर्ष संशोधन से नए आंकड़ों के स्रोतों को शामिल करने और संकलन प्रक्रिया कार्यप्रणालीगत सुधारों, मानकों और वर्गीकरणों के अनुरूप बनाने में भी सुविधा होगी।

### आईआईपी के नए आंकड़े 28 मई को जारी होंगे

वित्त वर्ष 2022-23 को आधार वर्ष मानकर राष्ट्रीय लेखा संबंधी आंकड़े 27 फरवरी, 2026 को जारी किए जाएंगे, जबकि 2022-23 को आधार वर्ष मानते हुए आईआईपी की नई श्रृंखला के आंकड़े 28 मई को जारी होंगे। मंगलवार को मंत्रालय ने सीपीआई, जीडीपी और आईआईपी के आधार वर्ष संशोधन पर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया।

### नए आंकड़े भौतिक दुकानों से एकत्र किए जा रहे

मंत्रालय ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में नए आंकड़ा स्रोतों को शामिल करने के संबंध में कहा कि वर्तमान श्रृंखला में भौतिक दुकानों से एकत्र किए जा रहे आंकड़ों के अतिरिक्त, 25 लाख से अधिक आबादी वाले 12 चयनित शहरों में ई-कॉमर्स मंच से भी कीमत आंकड़े प्राप्त की जाएंगी।



### रेलवे व पेट्रोलियम के आंकड़े भी प्राप्त किए जाएंगे

रेल किराये के लिए रेलवे, ईंधन की कीमतों के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय और डाक शुल्क के लिए डाक विभाग के साथ समन्वय में प्रशासनिक आंकड़े प्राप्त करने के भी प्रयास किए जाएंगे। एमओएसपीआई ने कहा कि हवाई किराये, दूरसंचार सेवाओं और ओटीटी (ओवर द टॉप) मंच के लिए, वेब-आधारित तरीकों का उपयोग करके ऑनलाइन स्रोतों से मूल्य आंकड़े संकलित करने का प्रस्ताव है।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी

# चांदी की चमक के आगे फीका पड़ा सोना, इस साल कीमतों में 130 प्रतिशत से अधिक का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेश के सुरक्षित विकल्प और चुनिंदा उद्योगों में मांग बढ़ने से इस साल चांदी ने रिटर्न के मामले में परंपरागत निवेश विकल्प सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। स्थिति यह हो गई है कि सोने ने जहां करीब 70 प्रतिशत रिटर्न दिया है वहां चांदी 130 प्रतिशत से भी अधिक चढ़ी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में आगे और कटौती की उम्मीदों के बीच चांदी में अगले साल भी 15 से 20 प्रतिशत तक की तेजी बने रहने की उम्मीद है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, दिल्ली में चांदी की कीमत सोमवार को 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के अबतक के उच्चस्तर पर पहुंच गईं। चांदी की कीमत इस साल एक जनवरी को 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इस तरह चांदी में 1,24,000 रुपये यानी 137 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। चांदी में आई तेजी के बारे में आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लि. के निदेशक नवीन माथुर ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय हाजिर बाजार में चांदी ने अब तक लगभग 130 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है।

- चुनिंदा उद्योगों में भी मांग बढ़ने से चांदी रिटर्न अच्छा मिला

**खास बातें**

- चांदी ने इस साल निवेश विकल्प सोना और शेयर बाजार को पीछे छोड़ दिया
- सोने ने करीब 70 प्रतिशत रिटर्न दिया तो चांदी 130 प्रतिशत से अधिक चढ़ी




### चांदी में उछाल संरचनात्मक कारकों के कारण

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, ''चांदी की कीमतों में उछाल सट्टेबाजी का नहीं बल्कि संरचनात्मक कारकों का नतीजा है। आपूर्ति में लगातार कमी के साथ औद्योगिक मांग बनी हुई है। कृत्रिम मेधा (एआई), ईवी तथा स्वच्छ ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों में बढ़ती मांग कीमत में वृद्धि का प्रमुख कारण है।''

### ईटीएफ में निरंतर निवेश से कीमतों को समर्थन मिला

कलंत्री ने कहा, ''मजबूत औद्योगिक मांग के अलावा, ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) में निरंतर निवेश, भौतिक रूप से खरीद अधिक होने और निवेशकों के जिंस में निवेश बढ़ाने से भी कीमतों को समर्थन मिला है। एक और संकेत सोने-चांदी की कीमतों के अनुपात में तीव्र गिरावट है, जो जोखिम लेने की बढ़ती प्रवृत्ति को बताती है।''

### सोने ने 19 दिसंबर तक 72 फीसदी रिटर्न दिया

सोने और चांदी के अनुपात में तीव्र गिरावट का मतलब है कि चांदी की कीमत सोने की कीमतों से अधिक तेजी से बढ़ रही हैं। यह संकेत देता है कि सोने के मुकाबले चांदी के मूल्य में वृद्धि हो रही है और यह निवेश का बेहतर अवसर प्रदान करती है। अगर रिटर्न की बात की जाए तो इस साल सोना ने 19 दिसंबर तक लगभग 72 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

### चांदी की आपूर्ति में लगातार कमी आई

मांग और आपूर्ति से जुड़े सवाल के जवाब में माथुर ने चांदी उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक निकाय सिल्वर इंस्टिट्यूट के अनुमान का हवाला देते हुए कहा कि चांदी की आपूर्ति में लगातार पांचवें वर्ष लगभग 9.5 करोड़ औंस (एक औंस बराबर लगभग 31.1 ग्राम) की कमी है। आने वाले वर्षों में चांदी की कीमतों में और अधिक सकारात्मक वृद्धि का कारण यह कमी ही रहेगी।

### सौर उपकरणों व ईवी उद्योगों की मांग बढ़ने से चांदी की चमक बनी

विशेषज्ञों के मुताबिक, आर्थिक गतिविधियों और महंगाई बनी रहने के साथ सौर उपकरणों एवं इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जैसे उद्योगों में मांग बढ़ने की संभावना ने चांदी की चमक अगले साल भी बनी रह सकती है और यह सोने की तरह सुरक्षित निवेश विकल्प बनती दिख रही है।

# सोना 1,40,850 रुपये के नए शिखर पर, चांदी का भी रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुझानों के कारण, सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त जारी रहीं। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 2,650 रुपये बढ़कर 1,40,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,38,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस साल अब तक, घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में 61,900 रुपये, या 78.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर, 2024 को सोने का भाव 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी में भी लगातार दूसरे दिन तेजी आई, और यह 2,750 रुपये बढ़कर 2,17,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में, चांदी 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम की तेज वृद्धि दर्ज करने के बाद 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 42 अंक फिसला

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 42 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी मामूली लाभ में रहा। सूचना प्रौद्योगिकी और औषधि कंपनियो के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 42.64 अंक टूटकर 85,524.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 85,704.93 अंक के उच्चतम स्तर तक गया और 85,342.99 अंक के निचले स्तर तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी मामूली 4.75 अंक बढ़कर 26,177.15 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू बाजार सीमित दायरे में रहा और स्थिर बंद हुआ। अधिकांश क्षेत्रों में बिकवाली का दबाव बना रहा।

# आईपीओ बाजार की तेजी नए साल में भी जारी रहेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


पर्याप्त घरेलू नकदी, मजबूत निवेशक विश्वास और सहायक वृहद आर्थिक कारकों से प्रेरित 2025 में रिकॉर्ड 1.76 लाख करोड़ रुपये जुटाकर रिकॉर्ड स्तर छूने वाले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार की यह तेजी नए साल में भी जारी रहने की उम्मीद है। वर्ष 2025 की एक बड़ी उपलब्धि स्टार्टअप का सूचीबद्ध होना रहा। इस साल लेंसकार्ट, ग्रोव, मीशो और फिजिक्सवॉला समेत 18 स्टार्टअप सार्वजनिक हुए और संयुक्त रूप से 41,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए।

### 2024 में स्टार्टअप ने 29,000 करोड़ रुपए जुटाए

वहीं, 2024 में स्टार्टअप ने 29,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। साथ ही, बिक्री पेशकश (ओएफएस) धन जुटाने की गतिविधियों में प्रमुख बना रहा। इसकी 2025 में जुटाई गई कुल पूंजी में करीब 60 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। बाजार प्रतिभागी 2026 में आईपीओ गतिविधियों को लेकर आशावादी बने हुए हैं।

### 75 से अधिक कंपनियों को सेबा से मिली मंजूरी

इक्विरस कैपिटल के प्रबंध निदेशक एवं निवेश बैंकिंग प्रमुख भावेश शाह ने कहा बताया कि 75 से अधिक कंपनियों को पहले ही भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल चुकी है लेकिन उन्होंने अभी तक अपने निर्गम नहीं शुरू किए हैं जबकि अन्य 100 कंपनियां नियामक स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रही हैं।






| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **हरियाणा सरकार** | | | **निविदा सूचना** | | | |
| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला (एचएसएसपीपी) | जीजीएसएसएस, सेक्टर-4 जिला रेवाड़ी में मौजूदा बिल्डिंग की मरम्मत और व्हाइटवॉश का आकलन (केवल समितियों हेतु) + 7 कार्य। | 19.12.2025 26.12.2025 | रु.8,83,51,030/- | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41394/I/88/6 दि. 23.12.25

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **हरियाणा सरकार** | | | **निविदा सूचना** | | | |
| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में गऊशाला के निकट बाहरी रोड पार्क और गढ़ी की तरफ पुराना सोएचसी रास्ता के निकट गांव राठधना में पार्कों के पुनरोद्धार हेतु आकलन + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 30.12.2025 | रु.2,18,33,335/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41391/I/88/6 दि. 23.12.25

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **हरियाणा सरकार** | | | **निविदा सूचना** | | | |
| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | एस/सी सेक्टर-25-II, पानीपत में 200 केवीए टी/एफ और एस/एल का प्रावधान समेत टी/एफ हेतु 6 वर्षीय डीएलपी और सभी अन्य मदों हेतु 3 वर्षीय एफओसी सहित एक वर्ष के एलईडी एस/एल और बकाया 2 वर्ष के लिए एल.आर. पर रखरखाव/प्रचालन। (जीएसटी को छोड़कर) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 05.01.2026 | रु. 54,13,995/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrik@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41389/I/88/6 दि. 23.12.25

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **हरियाणा सरकार** | | | **निविदा सूचना** | | | |
| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
| 1 | दि हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड, पंचकूला (हैफेड) | हैफेड कॉम्प्लेक्स, भट्टू कलां (फतेहाबाद) में ईआई कार्यों सहित गोदामों, सड़कों की मरम्मत/पुनरोद्धार, सेप्टिक टैंक सहित लेबर टॉयलेट ब्लॉक, जल टैंक का निर्माण, वेब्रिज को ऊपर उठाना और वर्षा जल के सॉकेज हेतु इंजेक्शन वैल का प्रावधान। | 22.12.2025 05.01.2026 | रु. 1,98,50,213/- | www.hafed.gov.in | 1722920520 hafed@hry.nic.in |
| 2 | दि हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड, पंचकूला (हैफेड) | हैफेड कॉम्प्लेक्स, पुण्डरी (कैथल) में लाइटिंग सिस्टम हेतु अपेक्षित गोदाम लाइट्स समेत स्ट्रीट लाइट्स की आपूर्ति व स्थापना और अन्य इलैक्ट्रिकल स्थापना मदें। (निविदा हरियाणा राज्य में केवल श्र व नि समितियों के लिए आरक्षित है) + 4 कार्य। | 22.12.2025 31.12.2025 | रु. 1,18,62,490/- | www.hafed.gov.in | 1722920520 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/41405/I/88/6 दि. 23.12.25


## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 89.65 प्रति डॉलर

**मुंबई।** कमजोर डॉलर के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया तीन पैसे बढ़कर डॉलर के मुकाबले 89.65 (अस्थायी) पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, विदेशी पूंजी की निकासी ने रुपये की तेज बढ़त पर ब्रेक लगा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 89.67 पर खुला और 89.59-89.85 के दायरे में कारोबार करने के बाद डॉलर के मुकाबले 89.65 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त है।

**नीलामी विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विभिन्न सरकारी कंडम वाहनों/सामान की नीलामी हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 09.01.2026 को की जानी है। नीलामी से सम्बधित सभी नियम एवं शर्तें व धरोहर राशि आदि बारे https://eauction.gov.in से जानकारी प्राप्त करें। धरोहर राशि व अन्य जरुरी दस्तावेज दिनांक 02.01.2026 को साय: 05:00 बजे तक जिला नाजर उपायुक्त कार्यालय, भिवानी में जमा करवाएं।

हस्ता/-अतिरिक्त उपायुक्त, भिवानी।

पीआरडीएच - 1089/11/60/2026/41396/88/6 दि. 23.12.25

**TENDER NOTICE**

**ALL INDIA JAT HEROES' MEMORIAL COLLEGE, ROHTAK**

Name of work : Construction of New College Building in the Campus
Estimated Amount : Rs. 80611671/- **Earnest Money for Contractor :** 2% for Contractor, 1% for Society Tender Fee : Rs. 20000/-
Sale of tender : From 24/12/2025 Last date of submission of tender : Upto 06/01/2026 by 4:00 PM, **Date & Time of Opening Tender (Technical) :** 07-01-2026 at 1:00 PM Place of Opening Tender: Principal, Jat College, Rohtak
Note: The DNIT & other details are available in college office and on the website www.jatcollegerohtak.ac.in.

PRINCIPAL


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
**IN THE COURT OF MS. MANSI GAUR**
Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
**MINOR ISHIKA**
**Vs.**
**REGISTRAR BIRTH AND DEATH**
CNR No. HRSOA0-000682-2025
CASE No. CS/548/2025
Next Date:-29-01-2026

**It is prayed that a decree for declaration to the effect that the father & mother name of the minor plaintiffs are wrongly mentioned as "Amit (father) instead of Amit Kumar" & "Anju Bala (mother) instead of Anju" in the birth certificate of minor plaintiffs on the basis of the relevant documents as mentioned in para no.3 of the plaint and a decree for mandatory injunction directing the defendant no.1 to rectify the father & mother name of the minor plaintiffs in the birth certificate on the basis relevant documents and with the direction to the defendant no.1 to issue the fresh birth certificate, may be passed in favour of the plaintiffs and against the defendant, in the interest of justice.**
**PUBLICATION ISSUED TO:**
**Defendant No. 2.**
**GENERAL PUBLIC**
**Village Garhi Keshri Tehsil Ganaur Distt. Sonepat, State Haryana, India**

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through counsel on **29.01.2026 at 10:00 a.m.** For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
Dated, this day of 23.12.2025

## शब्द पहेली - 6087




**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1, 2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

**शब्द पहेली -6086 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ■ | बु | आ | ■ | द | ■ | स | ख्त | ■ | मु |
| र | क्त | ■ | कु | क | र | मु | त्ता | ■ | जा | ला |
| तू | ■ | म | ल | ■ | मि | ■ | धी | र | ■ | य |
| स | क्रि | य | ता | ■ | या | ■ | श | ब | न | म |
| ■ | या | ■ | ■ | ■ | न | ■ | ■ | ■ | या | ■ |
| रा | शी | क | र | ण | ■ | भा | र | ही | न | ता |
| ■ | ल | ■ | ■ | ■ | टी | ■ | ■ | ■ | वे | ■ |
| री | ता | प | न | ■ | ना | ■ | न | ह | ला | ना |
| इं | ■ | स | जा | ■ | मु | ■ | का | म | ■ | का |
| ब | लि | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | छ | बि |
| र्स | ■ | गी | त | ■ | म | ■ | ना | नी | ■ | ल |



## अभिनंदन समारोह में पहुंचे भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष

# 6 किमी लंबे रोड शो में उमड़ पड़ी भीड़, गुलाबों की हुई बारिश

*नितिन नबीन का पटना एयरपोर्ट से लेकर बेली रोड होते हुए मिलन हाईस्कूल ग्राउंड तक निकला रोड शो*

एजेंसी ▸▸ पटना

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन 6 किलोमीटर लंबा रोड शो खत्म करने के बाद मिलर हाई स्कूल ग्राउंड पहुंचे। यहां पर 1,100 गुलाब से बने माला से भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इससे पहले पटना एयरपोर्ट से लेकर बेली रोड होते हुए मिलन हाईस्कूल ग्राउंड तक नितिन के लिए रोड शो में शामिल होने भाजपा नेताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, सांसद संजय जायसवाल, मंत्री दिलीप जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत कई बड़े नेताओं ने नितिन का स्वागत किया। इसके बाद नितिन रथ पर सवार होकर रोश शो के लिए निकले। उनके साथ रथ पर दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा और प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी थे।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा की


नितिन नबीन का स्वागत फूलों की बारिश से।

रोड शो के दौरान नितिन ने राजवंशी नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान की पूजा की। इसके बाद बेली रोड स्थित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। यहां से उनका रथ आयकर गोलंबर पहुंचा। उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। यहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी है।

### हाथी-घोड़ा व बुलडोजर लेकर भी पहुंचे कार्यकर्ता

बेली रोड पर भाजपा नेता हाथी-घोड़ा और बुलडोजर लेकर नितिन नवीन के स्वागत में खड़े दिखे। बुलडोजर से भाजपा नेता अपने कार्यकारी अध्यक्ष पर फूलों पर बारिश की। नबीन के कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि यह दिन भाजपा के लिए भी बड़ा है और देश व बिहार के नौजवानों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि जिस वर्ष भाजपा की स्थापना हुई, उसी वर्ष के आसपास नितिन नबीन का जन्म हुआ, जो अपने आप में एक रोचक संयोग है।

### छोटा सा कार्यकर्ता भी गौरवान्वित होगा



भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि यह युग परिवर्तन का दौर है। संजय सिंह टाइगर ने कहा कि यह अन्य पार्टियों की तरह नहीं बल्कि अलग तरह की पार्टी है। छोटा सा कार्यकर्ता भी बड़े-बड़े पद पर जा सकता है। नबीन के नेतृत्व में शीर्ष पर जाएंगे।

### ममता सरकार को बंगाल की खाड़ी में भेजेंगे



राम कृपाल यादव ने कहा कि ममता सरकार को बंगाल की खाड़ी में भेजना है न, तो फिर आवाज जोर से लगानी पड़ेगी। नारा जोर से लगाना होगा। मैं इसी स्कूल का विद्यार्थी रहा हूं आज और आज इसी पर के प्रांगण में आज अपना संबोधन कर रहा हूं।

### पूरे देश में भाजपा का परचम लहराएगा



*दरभंगा के विधायक गोपाल ठाकुर ने मिथिला में बोलना शुरू किया। उन्होंने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। कहा कि नितिन के नेतृत्व में पूरे देश में भाजपा जीतेगी। आने वाले समय में बिहार का काफी विकास होगा और साथ ही मिथिलांचल का भी विकास होगा। मैं मां जानकी की जन्म भूमि सीतामढ़ी से आता हूं। नबीन जी के प्रतिष्ठा में हम लोग आसमान छुएंगे। मंत्री श्रेयशी सिंह ने कहा कि हम लोग बिहार के साथ-साथ बंगाल को भी जीतेंगे। इधर, पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी ने भोजपुरी में कहा कि बिहार से लेकर पूरे देश में भाजपा का परचम लहराएगा।*

### नबीन ने राहुल पर बोला हमला

### विदेश जाते ही देश को शर्मसार कर रहे और अपमान कर रहे

नबीन ने कहा कि भाजपामें शॉर्टकट की राजनीति की कोई जगह नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के समय वोट चोरी का नारा देने वाले नेताओं को जनता ने जवाब दे दिया, इसके बाद वे न तो बिहार आए और न ही जनता के बीच गए। चुनाव खत्म होने के बाद कुछ नेता देश से बाहर जाकर बिहार और देश की शिकायत करने लगे। राहुल जर्मनी जाकर अपने देश को गाली दी। उन्होंने अपने ही देश का अपना किया। वहीं उन्होंने तेजस्वी पर हमला करते हुए कहा कि बिहार के एक बड़े नेता सदन की कार्यवाही के दौरान गायब रहते हैं और चुनाव के बाद विदेश चले जाते हैं। ऐसे नेताओं को बिहार की जनता और राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं को पंचायत से लेकर देश के शीर्ष पदों तक पहुंचने का अवसर देती है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंगर को सशर्त जमानत दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को 2017 के उन्नाव



बलात्कार मामले में जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि सेंगर की सजा पर फिलहाल रोक रहेगी, क्योंकि दोषसिद्धि के खिलाफ अपील लंबित है। सेंगर को आदेश दिया कि वह पीड़िता के 5 किलोमीटर के दायरे में न आएं।

### योगेश को एआईसीटीई अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के उपाध्यक्ष डॉ.



अभय जेरे और सदस्य सचिव प्रोफेसर श्यामा रथ की मौजूदगी में प्रोफेसर सिंह ने नई दिल्ली में स्थित मुख्यालय में अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया। कुलपति के रूप में कार्यरत योगेश सिंह के पास एक लंबा अनुभव है।

### अखलाक मॉब लिंचिंग केस में अर्जी निरस्त

**नई दिल्ली।** अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापस लेने के मामले में सुनवाई हुई। मामले में



फास्ट-ट्रैक अदालत ने अभियोजन पक्ष की ओर से केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन मानते हुए निरस्त कर दिया। कोर्टने दोनों पक्षों को सुना। मामले में अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी।

### बाड़मेर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

**बाड़मेर।** राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर के कलेक्ट्रेट कार्यालय को बम से उड़ाने की



धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से अलर्ट हो गई हैं। कलेक्ट्रेट के सरकारी ईमेल पर धमकी भरा मेल मिलने की सूचना के बाद पुलिस ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को खाली करवाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में देश भर में भारी विरोध

# बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विहिप ने किया उग्र प्रदर्शन, यूनुस के पुतले को किया आग के हवाले

*दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की भरसक कोशिश भी की*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया गया। विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रही। विश्व हिंदू परिषद ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा और अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर मंगलवार सुबह 11 बजे से शांतिपूर्ण प्रदर्शन का ऐलान किया था। बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन उग्र हो गया है। बताया जा रहा कि इस दौरान कई लोगों ने पविरोधस्वरूप मोहम्मद यूनुस के पुतले को जूतों को कुचला और फिर आग के हवाले किया गया। पुलिस प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी देखने को मिली है। बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जुटकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में 27 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

*विहिप ने पीड़ित परिवार को न्याय की गुहार लगाई*

*देशभर में बांग्लादेश के खिलाफ लोगों में भारी उबाल*


दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन करते लोग, जनाक्रोश दिखा

### हैदराबाद, कोलकाता, सूरत, पटना में भी लोग सड़कों पर उतरे



बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग के खिलाफ देशभर में गुस्सा और नाराजगी है। यही वजह है कि दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, सूरत, पटना समेत देश के कई शहरों में लोग बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और इसके साथ ही मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका।

### भीड़ ने पीटकर की थी हत्या

दीपू चंद्र दास पर कथित तौर पर ईशनिंदा का आरोप लगाकर भीड़ ने हमला किया था। आरोप है कि युवक को पहले बेरहमी से पीटा गया, फिर उसके शव को पेड़ से लटकाकर आग लगा दी गई। इस अमानवीय घटना ने पूरे देश में आक्रोश फैला दिया।

### अत्याचार के खिलाफ किया प्रदर्शन

कोलकाता में बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में सैकड़ों लोगों ने मार्च निकाला। कोलकाता में 'बोंगियो हिंदू जागरण' के बैनर तले सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने 'हिंदू हुंकार पदयात्रा' निकाली। भगवा झंडे लिए प्रदर्शनकारी सियालदह से बांग्लादेश उप उच्चायोग की ओर बढ़ रहे थे, जिन्हें बेकबागान इलाके में भारी पुलिस बल ने रोक दिया।

### पुलिस ने किया लाठीचार्ज

जब प्रदर्शनकारियों ने उप उच्चायोग के करीब जाने के लिए पुलिस बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की, तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शनकारी बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और हाल ही में हुई एक हिंदू युवक की लिंचिंग के खिलाफ नारेबाजी कर रहे

### जम्मू में भी विरोध प्रदर्शन

जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने बांग्लादेश में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की कि या तो हिंदुओं को भारत लाया जाए या वहां उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। वकीलों ने यह भी मांग की कि अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों को जम्मू से निकाला जाए।

### विहिप के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

इस बीच कार्यकर्ता बैरिकेडिंग हटाने लगे, जिस वजह से दिल्ली पुलिस ने कार्यकर्ताओं को खदेड़ने की कोशिश की। पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। दिल्ली में कार्यकर्ताओं ने मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंक दिया। बांग्लादेश में फंसे भारतीय नागरिकों, खासकर मेडिकल छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता गहराती जा रही है।

### ढाका में भी दिखी उग्रता

### बांग्लादेश में भी दीपू के लिए न्याय की मांग

22 दिसंबर 2025 को बांग्लादेश में दीपू की हत्या के खिलाफ ढाका के नेशनल प्रेस क्लब के सामने हिंदू संगठनों और अल्पसंख्यक समूहों ने विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दीपू निर्दोष था। उस पर झूठा आरोप लगाया गया कि उसने ईशनिंदा की है। इसके बाद कट्टरपंथियों ने उसे बुरी तरह पीटा, पेड़ से लटका दिया और फिर जिंदा जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में हालात लगातार खराब हो रहे हैं। उनका दावा है कि इस साल जनवरी से अब तक 50 से ज्यादा गैर-मुस्लिमों की हत्या हो चुकी है और कई लोगों पर ईशनिंदा के झूठे मामले दर्ज किए गए हैं। बांग्लादेश के भालुका में धार्मिक अपमान के झूठे आरोप में गारमेंट वर्कर दीपू चंद्र दास की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को जला दिया। जांच में उस पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने समय पर सूचना नहीं दी, जिससे दीपू की जान नहीं बचाई जा सकी।

## 'लाल आतंक' का सरेंडर

### 1.84 करोड़ के इनामी 22 नक्सलियों ने डाले हथियार



एजेंसी ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के 22 नक्सलियों ने ओडिशा पुलिस के सामने सरेंडर किया है। एक-47, इंसास समेत कुल नौ हथियारों के साथ सरेंडर करने सभी नक्सली पहुंचे थे। इन नक्सलियों पर एक करोड़ 84 लाख 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। ये नक्सली कई हिंसक घटनाओं में संलिप्त रहे हैं। बताया जाता है कि ये सभी नक्सली बस्तर संभाग में कई अपराधिक घटनाओं में शामिल रह चुके हैं। इन पर पुलिस ने कई धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया था। सरेंडर करने वालों में डीवीसीएम, एसीएम रैंक के नक्सली हैं। वहीं अपने साथ एके-47, इंसास, एसएलआर जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी साथ लेकर आए हैं। ये सभी नक्सली दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी अंतर्गत केरलापाल एरिया कमेटी, जगरगुंडा एरिया कमेटी, प्लाटून 26 और प्लाटून 31 में सक्रिय थे।

### छत्तीसगढ़: 27,34,817 नाम कटे

छत्तीसगढ़ में 2003 के विशेष अभियान के बाद अब तक कुल 27,34,817 नाम हटाए गए हैं। इनमें से 19 लाख से ज्यादा मतदाता अपने पुराने पते से स्थायी रूप से शिफ्ट हो चुके हैं, जबकि 6.42 लाख मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। 1.79 लाख नाम 'दोहरी प्रविष्टि' से हटाए गए हैं।

### केरल: 24 लाख मतदाता सूची से बाहर

केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू. केलकर ने जानकारी दी कि राज्य में ड्राफ्ट सूची से 24 लाख से अधिक मतदाताओं को बाहर किया गया है। केरल में भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग पाए गए जो अब संबंधित बूथों

### अंडमान में 79.38% फार्म जमा

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में चलाए गए एससृआईआर अभियान के बाद मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन कर दिया गया है। कुल गणना फॉर्म्स तीन लाख 10 हजार 404 में से 79.38 फीसदी यानी 2 लाख 46 हजार 390 गणना फॉर्म वापस मिले।

## हाईकोर्ट का अहम फैसला

### लावारिस कुत्तों को कहीं भी खाना खिलाने से रोकना गलत नहीं है

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बंबई हाई कोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति को गैर-निर्धारित स्थानों पर आवारा कुत्तों को भोजन कराने से रोकने को भारतीय न्याय संहिता के तहत गलत तरीके से रोकना या बाधा डालना नहीं कहा जा सकता। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस संदेश पाटिल की पीठ ने एक महिला और उसके दोस्तों को आवासीय सोसाइटी के गेट पर कुत्तों को भोजन कराने से रोकने के आरोप में पुणे के 42 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति को गैर-



निर्धारित स्थानों पर आवारा कुत्तों को गलत तरीके से खाना खिलाने से रोकने को भारतीय न्याय संहिता के तहत 'रोकने' के के अर्थ में नहीं कहा जा सकता। यह फैसला 18 दिसंबर को सुनाया गया, जिसकी एक प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई।

## केंद्रीय मंत्री प्रधान का प्रस्ताव

### ओडिशा के 108 एसईबीसी समुदायों को ओबीसी सूची में शामिल किया जाए


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार से ओडिशा के 108 सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग समुदायों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने का अनुरोध किया है। केंद्र स्तर पर ओबीसी के रूप में वर्गीकृत लोगों को ओडिशा में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के रूप में जाना जाता है। प्रधान ने वीरेंद्र कुमार को लिखे एक पत्र में कहा कि मैं ओडिशा में ओबीसी की राज्य और केंद्रीय सूचियों के बीच



समानता से संबंधित एक अहम्‌ण मामले की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस विसंगति के परिणामस्वरूप इन समुदायों के सदस्यों के लिए प्रशासनिक अस्पष्टताएं और व्याख्यात्मक चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं, विशेष रूप से जब वे राज्यों के बीच प्रवास करते हैं।

## शांतिनिकेतन में पारंपरिक पौष मेला शुरू


**बीरभूम।** पश्चिम बंगाल में बीरभूम के विश्व धरोहर शांतिनिकेतन में पारंपरिक पौष मेले का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। छातिमतला परिसर में रवीन्द्र संगीत, ब्रह्म उपासना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

## दिल्ली कैबिनेट ने लिए कई महत्वपूर्ण फैसले

# 800 फैक्ट्रियों में लग जाएंगे ताले सड़कों पर सिर्फ डीटीसी की चलेंगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली कैबिनेट की अहम बैठक में प्रदूषण को खत्म करने और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए कई अहम फैसले लिए गए। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि दिल्ली के अंदर 50फीसदी बस ऑपरेट करने का जिम्मा जेलही इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांजिट सिस्टम के पास था, जिसे अब खत्म कर दिया गया है। अब 100 फीसदी बस डेल्ही ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन ( डीटीसी) ऑपरेट करेगी।



### हाईटेक ई-वेस्ट प्लांट बनेगा

इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधन के लिए दिल्ली सरकार होलंबी कलां में एक विशाल ई-वेस्ट प्लांट लगाने जा रही है। यह प्लांट 11.5 एकड़ में फैला होगा। पानी की बर्बादी रुकेगी।

### जल निकायों के लिए 100 करोड़ आवंटित

दिल्ली में 1,000 से अधिक वाटर बॉडीज में से 160 जल निकाय दिल्ली सरकार के अधीन हैं। सरकार ने इन 160 वाटर बॉडीज के रिजुवेनेशन के लिए 100 करोड़ के बजट को मंजूरी दी है।

### पीयूसीसी के बिना पेट्रोल नहीं मिलेगा

अब दिल्ली में ग्रेप हटने के बाद भी बिना वैध पीयूसीसी सर्टिफिकेट के पेट्रोल नहीं मिलेगा। प्रदूषण फैलाने वाली 800 से अधिक इंडस्ट्रीज को बंद करने का आदेश दिया गया है। 411 को क्लोजर नोटिस दिया है।

## मसूद के बयान पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा, शहजाद ने किया हमला

# सहयोगी व परिवार को भी अब राहुल पर भरोसा नहीं


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश मसले पर मीडिया से बात करते हुए इमरान मसूद ने प्रियंका गांधी को पीएम बनाने की वकालत की थी। उन्होंने कहा कि प्रियंका को प्रधानमंत्री बना दीजिए, इंदिरा गांधी जैसा जवाब मिलेगा। अब मसूद के बयान को भाजपा ने आधार बना दावा किया है कि खुद गांधी परिवार राहुल के हाथों में कमान पर सहमत नहीं है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मसूद ने तो साफ-साफ कह दिया कि अब उनको राहुल पर कोई भरोसा नहीं बचा है। अब राहुल हटाओ, प्रियंका जी को लाओ। उन्होंने कहा कि इस बात का समर्थन रॉबर्ट्र वाड्रा ने भी किया है। इसका मतलब जनमत तो राहुल से गया ही, उनके पास सहयोगियों का समर्थन भी नहीं है और न ही जनपथ का समर्थन मिल रहा है।

इमरान ने की थी राहुल को पीएम बनाने की वकालत, अब वे बात से पलटे

'अब राहुल हटाओ, प्रियंका जी को लाओ' चल रहा





### खेड़ा ने कहा- मसूद ने ठीक बोला


कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने कहा कि जब सारे सवाल आपको हम से ही पूछने हैं कि साहब बांग्लादेश पर भी आप बोलो, कहीं कोई बलात्कार हो रहा है तो आप बोले, कहीं कोई किसी के साथ अन्याय हो रहा है तो आप बोले, जब जवाब हमें देने हैं तो लाइए सरकार भी हमें दे दीजिए, इनके बस की बात नहीं है सरकार चलाना। ठीक बोला उन्होंने।

### कांग्रेस कह चुकी राहुल और खरगे को हटाना चाहिए

*पूनावाला ने कहा कि कुछ दिन पहले, ओडिशा कांग्रेस नेता मोहम्मद मोकिम ने भी कहा था कि राहुल और मल्लिकार्जुन खरगे को उनके नेतृत्व पदों से हटा देना चाहिए और उनकी जगह प्रियंका को लाना चाहिए। उन्हें तुरंत पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया। इससे ज्यादा साफ नहीं हो सकता कि किसी को भी राहुल पर भरोसा नहीं है।*

### प्रियंका को आगे आना चाहिए, सब कह रहे: वाड्रा

प्रियंका के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि सब की मांग होती



है, सब कहते हैं कि प्रियंका को आना चाहिए। उन्होंने खुद के राजनीति में आने के सवाल पर कहा कि लोगों की ओर से ऐसी मांगें जरूर आती हैं, लेकिन फिलहाल सबसे जरूरी है कि असल मुद्दों पर ध्यान दिया जाए।

## चिंतन

# बांग्लादेश संकट को भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाए

बांग्लादेश इस समय हिंसा, अराजकता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। वहां हिंदू समुदाय पर लगातार बढ़ते अत्याचार भारत की चिंताओं को बढ़ा रहे हैं। मंदिरों पर पथराव और हिंदुओं के घरों में आगजनी जैसी घटनाएं हिंदू समाज के बीच दहशत पैदा कर रही हैं। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में सत्ता की बागडोर संभालने वाले मुहम्मद यूनुस बुरी तरह विफल साबित हुए हैं। यहां हिंदू समुदाय पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। मंदिरों पर पथराव, घरों में आगजनी, महिलाओं पर अत्याचार जैसी घटनाएं अब रोजमर्रा की हकीकत बन चुकी है। ऐसे समय में भारत को इस मामले को लेकर कूटनीतिक कदम उठाने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाया जाना चाहिए। भारत ने बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पड़ोसी देश में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि वहां 'लोकतंत्र का स्थान भीड़तंत्र ने ले लिया है। वहीं, अब भारत में भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। कोलकाता और नई दिल्ली में बांग्लादेशी उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी है। इससे घबराए बांग्लादेश मिशन ने नई दिल्ली और अगरतला में अपने सभी काउंसलर और वीजा सर्विस को बंद कर दिया। कोलकाता में भी वीजा के लिए आवेदन केंद्र को बंद करने का फैसला लिया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने राजनयिक मिशनों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया और और उन्हें नई दिल्ली, कोलकाता और अगरतला स्थित बांग्लादेशी उच्चायोग की सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी ली। हालांकि देखा जाए तो यह संकट कोई नया नहीं है। 1947 के बंटवारे के समय बंगाल के पूर्वी हिस्से में हिंदू अल्पसंख्यक सुरक्षित थे, लेकिन पाकिस्तान बनने के बाद उत्पीड़न शुरू हो गया। 1971 के युद्ध में भारत ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को हराकर बांग्लादेश को आजादी दिलाई। इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता ने करोड़ों हिंदुओं को बचाया, लेकिन आजादी के बाद की सरकारों ने हिंदुओं को अधिकारों से वंचित रखा। वक्फ कानून के तहत उनकी जमीनें हड़पी गईं। आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू आबादी कभी 22 प्रतिशत थी, जो आज घटकर महज 8 प्रतिशत रह गई है। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद भी इस समुदाय पर अत्याचार जारी रहा। शेख हसीना ने कुछ सुरक्षा दी, लेकिन उनके खिलाफ भड़के आक्रोश ने अल्पसंख्यकों को और असुरक्षित कर दिया। आज वहां कट्टरपंथी ताकतें हावी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त 2024 से नवंबर 2025 तक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,000 से अधिक घटनाएं दर्ज की गईं। इन हालातों ने पूरे दक्षिण एशिया की सुरक्षा और मानवीय मूल्यों पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। कट्टरपंथी ताकतों के बेकाबू होने, भीड़ हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी और कानून-व्यवस्था के चरमराने से सबसे अधिक असुरक्षा का वातावरण अल्पसंख्यकों में है। चटगांव की हृदयविदारक घटना ने इस सच्चाई को और भी निर्मम रूप में उजागर कर दिया, जहां मामूली विवाद को धार्मिक रंग देकर एक निर्दोष व्यक्ति को भीड़ के हवाले कर दिया गया और उसे पेड़ से बांधकर जिंदा जला दिया गया। यह घटना केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है कि जब कट्टरता को खुली छूट मिलती है तो मानवता सबसे पहले मरती है।



बांग्लादेश हिंसा
योगेंद्र माथुर

बांग्लादेश के ताजा हालात के पीछे भी षड्यंत्र की बू आ रही है। पाकिस्तान के नए नवेले चीफ ऑफ डिफेंस फॉर्स आसिम मुनीर के मार्गदर्शन में आईएसआई व बांग्लादेश की जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के साथ चीन और कुछ अन्य देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भारत विरोधी षडयंत्र का जाल बुनने में भूमिका निभा रहे हैं। भारत के विकास की राह को बाधित कर भारत को रूस की तरह लंबे युद्ध में उलझाने के प्रयास हो रहे हैं। इसके बावजूद बांग्लादेश पर कार्रवाई न करने के पीछे संभवतः भारत की यह सोच भी काम कर रही है कि पड़ोस में एक ओर शत्रु बनाना उचित नहीं है। भारत कोई जल्दबाजी या हड़बड़ाहट न दिखाते हुए कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है और धैर्यपूर्वक इस स्थिति से निपटने पर मंथन कर रहा है।

# भारत के धैर्य और कूटनीति की परीक्षा

बांग्लादेश हिंसा की आग में धधक रहा है। सड़कों पर उपद्रवियों का कब्जा है और चारों तरफ अराजकता का माहौल दिखाई दे रहा है। गत वर्ष अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद यह दूसरा अवसर है जब समूचा बांग्लादेश अनियंत्रित उपद्रवियों के कब्जे में आ गया दिखता है।

ताजा हिंसा का कारण छात्र नेता व इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी को 12 दिसंबर को गोली मारने और 18 दिसंबर को सिंगापुर में उनकी मौत होना बताया जा रहा है। उस्मान हादी गत वर्ष जुलाई में शेख हसीना सरकार के विरुद्ध हुए आंदोलन व तख्तापलट के सूत्रधार नेताओं में प्रमुख नेता थे। उस्मान हादी ने ही भारत विरोधी बयान देते हुए भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर क्षेत्र को काटकर सेवन सिस्टर्स ( पूर्वोत्तर के 7 राज्य-अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड व त्रिपुरा) को बांग्लादेश में मिलाने और ग्रेटर बांग्लादेश या सल्तनत-ए-बांग्ला बनाने की बात कही थी। हादी ने इस सिराजुद्दौला साम्राज्य प्लान का एक नक्शा और वीडियो भी जारी किए थे। हादी के नेतृत्व में ही अगस्त 2024 में शेख हसीना के कथित छात्र विरोधी निर्णय के विरोध और संविधान में संशोधन की मांग को लेकर शुरू हुआ छात्र आंदोलन पहले कथित जेन जी आंदोलन में बदला था। जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के लिए देश में शरीयत का कानून लागू करने के मंसूबों को अंजाम देने का यह सुनहरा अवसर मालूम हुआ था और वे भी इस हिंसा व अराजकता फैलाने वालों की उन्मादी भीड़ में चेहरे छुपाकर शामिल हो गए थे। आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के निवास सहित सरकारी इमारतों, स्मृति चिन्हों व नेताओं को निशाना बनाया था। प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से त्यागपत्र देकर देश छोड़कर भारत में शरण लेना पड़ी थी। उस समय सेना व कुछ विपक्षी नेताओं के दखल के बाद आंदोलन समाप्त हुआ और नोबेल पुरस्कार प्राप्त मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार सत्ता पर काबिज हुई थी। यूनुस का रवैया सदैव भारत विरोधी ही देखा गया है, लेकिन सब कुछ जानते-समझते हुए भी भारत द्वारा यूनुस सरकार से मधुर संबंध बनाने की कवायदें बीते समय में की जाती रहीं। लेकिन यूनुस के व्यवहार में बदलाव नजर नहीं आया। उनके शासन में भारत विरोधी षडयंत्र व प्रयास होते रहे। गत नवंबर माह में ही शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई गई थी और उसके बाद यूनुस ने भारत से हसीना को वापस बांग्लादेश भेजने की मांग की थी। शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद बांग्लादेश के हालत और भारत के साथ संबंधों को लेकर विगत दिनों विदेश मामलों की संसद की स्थायी समिति भी चिंता जता चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली समिति ने कई देशों का दौरा किया था। बाद में संसद में पेश रिपोर्ट में समिति ने चेतावनी दी कि बांग्लादेश की बदलती राजनीतिक स्थिति भारत के लिए 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद सबसे गंभीर रणनीतिक चुनौती बन गई है। बांग्लादेश में हुई विगत वर्ष व ताजा, दोनों दौर की हिंसा के पीछे मुख्य निशाना भारत ही रहा है। वहां दुष्प्रचार किया जा रहा है कि उस्मान हादी की हत्या के पीछे भारत दोषी है और उनके हत्यारे भी भारत के सहयोग से भागने में सफल रहे



हैं या भारत में छुपे हुए हैं। हालांकि भारत इस बात को खारिज कर चुका है, लेकिन वहां सक्रिय जमाते इस्लामी के कट्टरपंथी, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और अन्य भारत विरोधी विदेशी शक्तियां इस आग को भड़काने में लगी हैं। पूरी तरह से अगस्त 2024 की हिंसा व अराजकता का दोहराव होता हुआ दिख रहा है।

बांग्लादेश की इस स्थिति पर मोहम्मद यूनुस ने अब तक किसी प्रकार का खेद नहीं जताया है। स्पष्ट मालूम पड़ता है कि मोहम्मद यूनुस कट्टरपंथियों के साथ-साथ भारत विरोधी विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं। इधर प्रश्न उठाया जा रहा है कि भारत हस्तक्षेप क्यों नहीं कर रहा? इसका जवाब पाने के लिए हमें समझना बहुत जरूरी है कि भारत आज दुनिया की एक तेजी से उभरती आर्थिक शक्ति है। दुनिया की कई महाशक्तियां, पड़ोस में बैठे दुश्मन और कट्टरपंथी भारत के तेजी से हो रहे उभार को पचा नहीं पा रहे हैं और भारत को विकास की राह से डिगाने के षडयंत्र रचे जा रहे हैं। बांग्लादेश के ताजा हालात के पीछे भी षडयंत्र की बू आ रही है। यहां पाकिस्तान के नए नवेले चीफ ऑफ डिफेंस फॉर्स आसिम मुनीर के मार्गदर्शन में आईएसआई व बांग्लादेश की जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के साथ चीन और कुछ अन्य देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भारत विरोधी षडयंत्र का जाल बुनने में भूमिका निभा रहे हैं। भारत के विकास की राह को बाधित कर भारत को रूस की तरह लंबे युद्ध में उलझाने के प्रयास हो रहे हैं। हादी की मौत पर जिस प्रकार अमेरिका सहित विभिन्न देशों ने शोक जताया है, उससे आसानी से समझा जा सकता है कि भारत विरोधी षड्यंत्रकारियों के तार कहां-कहां जुड़े हुए हैं। दूसरी बात यह समझने की है कि बांग्लादेश हमारा परंपरागत शत्रु नहीं है बल्कि उसके साथ हमारे संबंध हर तरह से मधुर व सहयोगपूर्ण ही रहे हैं। हमारे ही सैन्य हस्तक्षेप व सहायता से पूर्वी पाकिस्तान सन 1971 में बांग्लादेश के रूप में अस्तित्व में आया है। शेख हसीना को अपदस्थ करने के पीछे भारत से निकटता भी एक वजह मानी गई है। हालांकि खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सरकार भी वहां सत्ता में आने पर बांग्लादेश से हमारे संबंध दोस्ताना भले ही नहीं रहे हों, शत्रुतापूर्ण भी नहीं रहे हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत ने बांग्लादेश को समय-समय पर सहयोग व सहायता ही दी है। संभवतः इसीलिए पड़ोसी देश के हालात भारत के लिए चिंताजनक होते हुए भी भारत, बांग्लादेश में यथासंभव सैन्य हस्तक्षेप करने व संघर्ष जैसी अन्य अप्रिय स्थिति से बचने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश पर कोई सख्त कार्रवाई न करने के पीछे संभवतः भारत की यह सोच भी काम कर रही है कि पड़ोस में एक ओर शत्रु बनाना भारत की सुरक्षा व हितों के मान से उचित नहीं है। हालांकि भारतीय राजनयिकों व बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के संदर्भ में भारत ने वहां की सरकार के सामने अपना विरोध दर्ज करा दिया है और इन्हें पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। दूसरी ओर स्थिति पर भारत पैनी दृष्टि लगाए हुए है और समयोचित सतर्कता व सुरक्षा उपायों की समीक्षा भी लगातार की जा रही है।

देखा जाए तो यह समय भारत की सुरक्षा के साथ विदेश नीति व कूटनीति की परीक्षा का समय है। समझा जा सकता है कि भारत इस संवेदनशील स्थिति में कोई जल्दबाजी या हड़बड़ाहट न दिखाते हुए कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है और धैर्यपूर्वक इस स्थिति से निपटने या भारत के हितों के अनुकूल समाधान के लिए कूटनीतिक व अन्य वैकल्पिक उपायों पर मंथन किया जा रहा है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में सोच समझ कर कदम उठाने में ही भारत का हित है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती
डॉ. सुशील टाया



# विश्व कल्याण के अग्रदूत रहे स्वामी ब्रह्मानंद

देश-विदेश में समाज सुधार के लिए अनेक समाज-सुधारक, सन्त-महात्मा व भक्त हुए हैं। जिस प्रकार सूर्य की रोशनी को एक सीमा में नहीं बांध सकते, इसी प्रकार संत की विचारधारा को सीमाएं रोक नहीं सकती। सन्त ब्रह्मानन्द ने समाज की बुराइयों, विसंगतियों, कुरीतियों, अंधविश्वासों एवं पाखण्डों के प्रति जनसामान्य को जागरूक किया। 24 दिसम्बर, 1908 ई. दिन वीरवार को चूहड़ मुनि की पावन धरा गांव चूहड़माजरा में संत ब्रह्मानन्द सरस्वती का जन्म चौधरी बदामा के घर हुआ था। इनकी माता का नाम रामी था। स्वामी ब्रह्मानन्द ने वैदिक संस्कृति का प्रचार-प्रसार करते हुए समाज सुधार, मादक द्रव्यों के सेवन का निषेध, गो-रक्षा, पर्यावरण रक्षा, शिक्षा का प्रचार-प्रसार, पशु-पक्षियों के कल्याण का काम किया। उन्होंने समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना पर बल दिया, क्योंकि वे मूलतः एक मानवतावादी सन्त थे। सन्त ब्रह्मानन्द ने मानव कल्याण के लिए पंचरंगे झंडे का निर्माण किया। जिस प्रकार शरीर पांच तत्वों-आकाश, वायु, तेज, जल और पृथ्वी से निर्मित है, उसी प्रकार यह पंचरंगा ध्वज भी पांच रंगों से बना है। ध्वज के मध्य ओम आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार इन पांच विकारों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। संत ब्रह्मानन्द कहते थे कि वृद्धजन परिवार का मुख्य सतम्भ होते हैं। जो व्यक्ति अपने वृद्धजनों की सेवा करते हैं उनकी आयु दीर्घ होती है। संत ब्रह्मानन्द ने गांव-गांव जाकर शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया। खासतौर पर उन्होंने नारी शिक्षा पर बल दिया। उन्होंने



इसके लिए पाठशालाओं, गुरुकुलों और आश्रमों की स्थापना की। वे पर्यावरण के बड़े संरक्षक थे। वे प्रत्येक घर में तुलसी का पौधा लगाने का उपदेश देते थे। इसके साथ वातावरण शुद्धि के लिए लोगों को यज्ञ करने के लिए प्रेरित किया तथा स्वयं लगभग 200 अखिल विश्व कल्याणकारी शान्ति महायज्ञ किए। संत ब्रह्मानन्द जनसामान्य को सदाचारी बनाना चाहते थे। उनका मानना था कि सदाचार से बढ़कर कोई शास्त्र नहीं है। मनुष्य को सदैव ऊंचे आचरण का ही अनुकरण करना चाहिए। स्वामी ब्रह्मानन्द ने सदाचार की महत्ता बताते हुए कहा कि सांसारिक व्यवहार शास्त्रानुकूल होना चाहिए। कहते थे कि आधुनिक युग में मनुष्य में नैतिक मूल्यों का अवमूल्यन हो रहा है। सामाजिक अस्तित्व के लिए नैतिक आचरण आवश्यक है। उन्होंने समाज उत्थान व विकास के लिए नैतिक मूल्यों पर विशेष रूप से बल दिया। उन्होंने जनसामान्य को प्रेरित किया कि प्रत्येक व्यक्ति नैतिक आचरण को अपनाकर अपना जीवन सुखमय बनाएं।

आधुनिक युग की इस चकाचौंध में प्रत्येक व्यक्ति एक-दूसरे से आगे निकलना चाहता है, इसलिए लोगों में पारस्परिक सद्भाव की भावना खत्म हो रही है, क्योंकि स्वयं आगे निकलने के लिए अपने सहयोगी का नुकसान भी करने से परहेज नहीं कर रहा है। आज परिवार में भाई-भाई तथा माता-पिता में पारस्परिक सदभावना की भावना कम हो रही है। संत ब्रह्मानन्द सरस्वती ने जनसामान्य को जागरूक किया तथा पारस्परिक सदभावना के लिए प्रेरित किया। संत ब्रह्मानन्द सात्विक प्रकृति के सन्त थे। उनका आहार- विहार भी सात्विक था। वे जनसामान्य को सात्विक आहार लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहते थे, कि सात्विक आहार आयु, बुद्धि, सुख, आरोग्य व बल को बढ़ाता है और चटपटा आहार रोग को बढ़ाता है। आधुनिक युग में मांसाहार और मादक द्रव्यों का सेवन ते बड़ी तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण समाज में अराजकता, भ्रष्टाचार, अपराध-वृत्ति बढ़ रही है। अधिक संख्या में इसके शिकार नौजवान हो रहे हैं। संत ब्रह्मानन्द ने जनसामान्य को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। आधुनिक युग में जिस तरह से टूटते परिवार, आपसी मन मुटाव, जाति पाति का भेदभाव, बढ़ती पर्यावरण की समस्या, वृद्धजनों के सम्मान व अतिथि सत्कार में कमी, अशिक्षा, सदाचार की कमी, कम होती नैतिकता, घटा पारस्परिक सद्भाव व मादक द्रव्यों का बढ़ता प्रचलन समाज में हावी हो रहा है, उसे देखते साफ तौर पर कहा जा सकता है कि आधुनिक युग में आज भी ब्रह्मानन्द की विचारधारा की प्रासंगिकता है। सन्त ब्रह्मानन्द ने समाज के उत्थान के लिए जो संदेश दिया था, वह आज भी जनसामान्य का मागदर्शन कर रहा है। वर्तमान समय में जरूरत है ऐसे संतो की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने की, जिससे सामाजिक समरसता बढ़ सके और मानव कल्याण की भावना को बल मिले।

( लेखक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित
## दर्शन

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

# हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
## प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश-समाज को जगाने वालों पर सवाल क्यों?

किसी भी जीवंत समाज की पहचान यह नहीं होती कि वह कितनी परंपराओं का पालन करता है, बल्कि यह होती है कि वह परंपराओं को कितनी विवेकपूर्ण दृष्टि से देखता है। इतिहास गवाह है कि जिन समाजों ने प्रश्न पूछने वालों को सम्मान दिया, वही आगे बढ़े, और जिन्होंने उन्हें दबाने की कोशिश की, वे जड़ता और पतन का शिकार हुए। आज जब कोई व्यक्ति, संगठन या विचारक अंधविश्वास, पाखंड और झूठ के खिलाफ आवाज़ उठाता है, तो उसके इरादों पर सवाल खड़े कर दिए जाते हैं। उसे धर्म-विरोधी, संस्कृति विरोधी या समाज विरोधी ठहराने की कोशिश की जाती है। यह प्रवृत्ति स्वयं में एक गंभीर प्रश्न है- आखिर समाज को जगाने वालों पर सवाल क्यों? आस्था और अंधविश्वास का फर्क समझना जरूरी है।

*– विवेक उपाध्याय, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### अत्यंत दुःख हुआ



ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल जी के निधन से अत्यंत दु:ख हुआ है। हिन्दी साहित्य जगत में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### चौधरी चरण सिंह को नमन



देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें सादर नमन। यह दिन राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में उस विचारधारा का स्मरण है, जिसने किसान को नीति और राष्ट्र के केंद्र में रखा।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### देश हित में वीबी-जी राम जी



'यह कानून देश हित में उपयोगी है, क्योंकि यह खेती करने वाले समुदाय को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाता है। जहां 'वीबी-जी राम जी' मजदूरों के उत्थान का पूरा ध्यान रखता है, वहीं यह किसानों पर भी ध्यान केंद्रित करता है और सुनिश्चित करता है कि खेती के लिए पर्याप्त मजदूर मिलें। **-शिवराज सिंह चौहान, कृषि मंत्री**

### किसान दिवस की बधाई



किसानों, गरीबों एवं वंचितों के मसीहा कहे जाने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। देश के सभी किसान भाइयों को किसान दिवस की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

**-प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसद**

## करंट अफेयर

# सूडान के पीएम का अमेरिका से संघर्ष विराम का आग्रह


सूडान के प्रधानमंत्री ने प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के साथ लगभग 1,000 दिनों से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए सोमवार को एक शांति पहल का प्रस्ताव रखा लेकिन अमेरिका ने दोनों पक्षों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तत्काल मानवीय संघर्षविराम के आह्वान को स्वीकार करने का आग्रह किया। सूडान की असैन्य सरकार का नेतृत्व कर रहे कामिल इदरीस ने सुरक्षा परिषद को बताया कि उनकी योजना में संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ और अरब लीग की निगरानी में संघर्षविराम, अर्धसैनिक बलों की उनके कब्जे वाले सभी इलाकों से वापसी, उन्हें निगरानी वाले शिविरों में रखा जाना और उनका निरस्त्रीकरण शामिल है। अप्रैल 2023 में सूडान में उस समय अराजकता पैदा हो गई थी जब सेना और शक्तिशाली अर्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' के बीच सत्ता संघर्ष खुली लड़ाई में बदल गया और इस दौरान बड़े पैमाने पर हत्या एवं बलात्कार की घटनाएं हुईं तथा जातीय आधार पर हिंसा हुई। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों के अनुसार यह युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध की श्रेणी में आता है। यह असंभव प्रतीत होता है कि 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव का समर्थन करेगी क्योंकि इस प्रस्ताव से सरकारी बलों को मूलत: जीत मिल जाएगी।



## ऑफ बीट

# आपदा के समय घरेलू बैटरियां हो सकती हैं बेहद उपयोगी

आमतौर पर लोग घरेलू बैटरियों का इस्तेमाल बिजली बिल घटाने के लिए करते हैं। दिन में सौर ऊर्जा या सस्ती ग्रिड बिजली को जमा कर ऐसे समय पर उपयोग किया जाता है जब बिजली आपूर्ति महंगी या कठिन हो रही हो। केंद्र सरकार की 'चीपर होम बैटरीज़ प्रोग्राम' के तहत पांच महीनों में 1.46 लाख से अधिक बैटरियां लग चुकी हैं। लक्ष्य 2030 तक 10 लाख नई बैटरियां लगाने का है और हाल में कार्यक्रम का बजट बढ़ाया गया है। 2017 में प्यूर्टो रिको में आए तूफान मारिया के बाद सौर ऊर्जा और बैटरी की संयुक्त प्रणाली से बच्चों के एक अस्पताल में बिजली बहाल की गई थी। कैलिफोर्निया में 2025 की भीषण जंगल की आग के दौरान बैटरी समर्थित माइक्रोग्रिड ने जरूरी सेवाओं को चालू रखा। चक्रवात अल्फ्रेड के समय दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड में कुछ इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों ने अपनी कारों से घर के जरूरी उपकरण चलाए। ये उदाहरण दिखाते हैं कि घरेलू बैटरियां और स्थानीय ऊर्जा भंडारण समुदायों के लिए जीवनरेखा बन सकते हैं। बैटरियां 'आइलैंडिंग' मोड में ग्रिड से कटकर आवश्यक घरेलू उपकरण चला सकती हैं। कुछ प्रणालियां आपदा के समय राहत शिविरों या अस्थायी आवासों में रोशनी, रेफ्रिजरेशन और संचार जैसी जरूरतें भी पूरी कर सकते हैं।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बॉक्सिंग डे मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान, कमिंस बाहर, मर्फी करेंगे टेस्ट डेब्यू

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट में विश्राम दिया जाएगा जबकि चोटिल नाथन लियोन की जगह टॉड मर्फी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में शामिल किया गया है। मर्फी बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) मैच में ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें घोषित 15 सदस्यीय टीम में मैट कुहनेमैन और कोरी रोकिचिओली पर प्राथमिकता दी गई है। ऑस्ट्रेलिया एडिलेड ने तीसरा टेस्ट मैच जीतकर पहले ही एशेज अपने पास बरकरार रह चुका है। जून से पीठ दर्द के कारण परेशान रहे कमिंस ने एडिलेड टेस्ट में वापसी की थी लेकिन अगले मैच के लिए उन्हें विश्राम दिया जाएगा। कमिंस ने एडिलेड में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 82 रन की जीत के बाद कहा था कि उनका एमसीजी में खेलना मुश्किल है।





**ऑस्ट्रेलिया टीमः** स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, ब्यू वेबस्टर।

### टी20 विश्व कप में कमिंस का खेलना संदिग्ध

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस का अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलना संदिग्ध है क्योंकि वह पीठ की चोट से अभी तक पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं। कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के पहले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट में वापसी की और छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कमिंस अब इस श्रृंखला के बाकी बचे दो मैच में नहीं खेल पाएंगे और यहां तक कि उनका टी20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। ऑलराउंडर मिचेल मार्श टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान हैं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, 'विश्व कप का बेसब्री से इंतजार है। वह (कमिंस) इस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल होंगे या नहीं, मैं अभी इस बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कर सकता।

### स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

स्टीव स्मिथ अस्वस्थ होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे लेकिन अब उनके ठीक होने की उम्मीद है। कमिंस की अनुपस्थिति में वह एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन टीम में वापस बुलाए जाने के बाद चार साल से अधिक समय में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए दावेदार हैं। तीसरे टेस्ट के अंतिम दिन चौका बचाने के लिए डाइव लगाते समय लियोन की हैमस्ट्रिंग में मोच आ गई। 38 वर्षीय लियोन अपने टेस्ट करियर में अधिकतर समय चोटों से मुक्त रहे। इससे पहले उन्हें एक बार 2023 में पिंडली की चोट के कारण एशेज टेस्ट मैच से बाहर होना पड़ा था। इंग्लैंड में खेली गई इस श्रृंखला में लियोन के चोटिल होने के बाद मर्फी ने दो टेस्ट खेले थे, जिसमें उन्होंने ओवल में छह विकेट लिए थे। एशेज श्रृंखला का पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच तीन जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा की रमिता जिंदल को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण

**भोपाल।** हरियाणा की रमिता जिंदल और हिमांशु ढिल्लों ने मंगलवार को यहां आयोजित राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महाराष्ट्र की आर्य बोरसे और पार्थ माने की जोड़ी को 16-12 से हराकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही ढिल्लों का दबदबा कायम रहा, जिन्होंने सोमवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 634.5 का राष्ट्रीय और जूनियर रिकॉर्ड बनाया था। दिल्ली की राजश्री संचेती और पार्थ मखीजा ने मध्य प्रदेश की श्रेया अग्रवाल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की जोड़ी के खिलाफ 17-15 की जीत के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

### प्रियांदना ने टी-20 में किया कमाल एक ओवर में झटके 5 विकेट

**बाली।** इंडोनेशिया के गीड प्रियांदना टी20 इंटरनेशनल में एक ओवर में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। उन्होंने



कंबोडिया के खिलाफ मुकाबले में यह करिश्मा किया। गीड प्रियांदना ने बाली में खेले गए मुकाबले में एक ही ओवर फेंका और इसमें हैट्रिक समेत पांच विकेट चटकाए। इससे इंडोनेशिया ने 60 रन से मैच जीत लिया। कंबोडिया का स्कोर प्रियांदना के ओवर से पहले पांच विकेट पर 106 रन था और उसे जीत के लिए पांच ओवर में 62 रन की जरूरत थी। 28 साल के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रियांदना पहले क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल में एक ओवर में पांच विकेट लिए हैं। वे 16वें ओवर में बॉलिंग के लिए आए। उन्होंने पहली तीन गेंदों पर शाह अबरार हुसैन, निर्मलजीत सिंह और चांटथुम रथानक को आउट कर हैट्रिक पूरी की।

### हरमनप्रीत और सविता को सूरमा हॉकी क्लब की कमान

**नई दिल्ली।** स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और गोलकीपर सविता आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में फिर से सूरमा हॉकी क्लब की पुरुष और महिला टीमों की कमान संभालेंगे। मिडफील्डर सलीमा टेटे को महिला टीम की उप कप्तान नियुक्त किया गया है। भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'इस टीम का नेतृत्व करना विशेष होता है।

## आज सुबह 9 बजे से बेंगलुरु में घरेलू वनडे, खेलेंगे दिग्गज खिलाड़ी

# सितारों की मौजूदगी से दमकी विजय हजारे ट्रॉफी, कोहली-रोहित-गिल से बढ़ा रोमांच

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित कई शीर्ष भारतीय क्रिकेटरों की उपस्थिति से 24 दिसंबर से शुरू होने वाले विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की चमक बढ़ गई है, जिसमें इन दिग्गज खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलेगा। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने वाले स्टार खिलाड़ियों की कतार में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा जैसे नाम शामिल हैं, लेकिन कोहली और रोहित जितनी सुर्खियां किसी और को नहीं मिलतीं।

### घरेलू ट्रॉफी के दो मैच में खेलना अनिवार्य

कोहली और रोहित को इसलिए घरेलू टूर्नामेंट में खेलना पड़ रहा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी भारतीय क्रिकेटरों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैच में खेलना अनिवार्य कर दिया गया है। कोहली 15 साल बाद इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। उनका और रोहित का इस टूर्नामेंट में खेलने का सीधा मतलब है कि यह दोनों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में विकसित हो रहे शक्ति समीकरणों से अछूते नहीं हैं। यह दोनों खिलाड़ी अभी क्रिकेट जगत के स्टार हैं लेकिन क्रिकेट परिदृश्य में तेजी से बदलाव हो रहा है, जिसका असर इन दोनों पर पड़ना लाजमी है।



**मुंबई की तरफ से खेलेंगे रोहित**

रोहित ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मुंबई की तरफ से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले पहले दो मैच खेलेंगे। कोहली ने मुंबई में भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ के साथ अभ्यास किया। उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह दिल्ली के लिए कौन से दो या तीन मैच खेलेंगे।

### टीम में जगह बनाने के लिए जूझ रहे पंत

खिलाड़ियों में पंत भी शामिल है, जो टेस्ट क्रिकेट की टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाने के लिए जूझ रहे हैं। पंत विजय हजारे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अगस्त 2024 के बाद से वनडे या टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है।

### गिल करेंगे लय हासिल करने की कोशिश

गिल आगामी टी20 विश्व कप के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद लय हासिल करने कोशिश करेंगे। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज पंजाब के लिए खेलते हुए अपनी निराशा को दूर करने का प्रयास करेगा। गिल के लिए यह अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले एक अच्छा अभ्यास होगा, जिसमें वह भारत की कप्तानी करेंगे।

### तेज गेंदबाजों पर चयनकर्ताओं की निगाह

इस टूर्नामेंट में चयनकर्ताओं की निगाह तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन पर भी टिकी रहेगी। कुछ साल पहले मोहम्मद सिराज के रणजी ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद से कोई भी अन्य तेज गेंदबाज ऐसा करने में सफल नहीं रहा है। भारतीय टीम में शामिल तेज गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और आकाश दीप के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इस संदर्भ में गुरजपनीत सिंह (तमिलनाडु), गुरनूर बरार (पंजाब), युद्धवीर सिंह (जम्मू कश्मीर), अनुज ठकराल (हरियाणा) और साकिब हुसैन (बिहार) आदि खिलाड़ियों में चयनकर्ताओं की विशेष रुचि होगी।

## आईसीसी रैंकिंग

# दुनिया की नंबर-1 गेंदबाज बनीं दीप्ति, मंधाना से छिना ताज

एजेंसी ▶▶| दुबई

स्टार भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अपने करियर में पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं। विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 28 साल की ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 20 रन देकर एक विकेट चटकाया और इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गईं। दीप्ति ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पांच स्थान के फायदे से 36वें स्थान पर हैं जबकि स्पिनर श्री चरणी 19 स्थान की लंबी छलांग के साथ 69वें स्थान पर पहुंच गईं। स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं।

■ **ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर दीप्ति**



### जेमिमा पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर

विशाखापत्तनम में 44 गेंद में नाबाद 69 रन बनाकर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं जेमिमा रोड्रिग्स पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर हैं। भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं। शेफाली वर्मा एक स्थान नीचे खिसककर 10वें स्थान पर हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति की जगह नंबर एक बल्लेबाज बन गईं।

# शेफाली के आक्रामक अर्धशतक से भारत ने दूसरे महिला टी-20 में श्रीलंका को रौंदा

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम



- श्रीलंका को 7 विकेट से हराया
- वैष्णवी शर्मा ने 2 विकेट लिए

स्नेह राणा की अगुवाई में स्पिन गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शेफाली वर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी से भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में श्रीलंका को 49 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर 2-0 से बढ़त बना ली। श्रीलंका को नौ विकेट पर 128 रन पर रोकने के बाद भारत ने 11.5 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। शेफाली ने 34 गेंद में नाबाद 69 रन की पारी के दौरान 11 चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने अपनी इस शानदार पारी के दौरान दूसरे विकेट के लिए जेमिमा रोड्रिग्स (15 गेंद में 26 रन) के साथ महज 28 गेंद में 58 रन की साझेदारी की। उन्होंने पहले विकेट के लिए स्मृति मंधाना (11 गेंद में 14 रन) के साथ 20 गेंद में 29 और तीसरे विकेट के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर (12 गेंद में 10 रन) के साथ 24 गेंद में 41 रन की साझेदारी की। इससे पहले स्नेह राणा ने चार ओवर में सिर्फ 11 रन खर्च करते हुए श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू का विकेट चटकाया। उन्हें युवा स्पिनरों वैष्णवी शर्मा और श्री चरनी का अच्छा साथ मिला। इन दोनों गेंदबाजों ने दो-दो विकेट झटके। हर्षिता समरविक्रमा (32 गेंद में 33 रन) और अटापट्टू (24 गेंद में 31) के उपयोगी योगदान के बावजूद श्रीलंका की टीम कभी भी मैच पर पकड़ नहीं बना सकी।

## यादें 2025 : जूनियर खिलाड़ियों ने बिखेरी चमक

# कुश्ती के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा यह साल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती के लिए वर्ष 2025 उतार चढ़ाव से भरा रहा, जिसमें सीनियर स्तर पर अपेक्षित परिणाम नहीं मिले लेकिन जूनियर स्तर पर किए गए अच्छे प्रदर्शन ने उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जगाई। सीनियर खिलाड़ियों में अंतिम पंघाल ही अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रख पाई। हरियाणा की इस पहलवान ने विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 53 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर इस प्रमुख प्रतियोगिता की पदक तालिका में भारत की उपस्थिति सुनिश्चित की। कांस्य पदक के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाली अंतिम ने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई। उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में भी तीसरा स्थान हासिल किया, जिससे महाद्वीपीय स्तर पर उनकी साख और बढ़ी।

### अमन सेहरावत के लिए मुश्किलों भरा रहा साल

इस साल सभी की निगाह इस पर टिकी थी कि अमन सेहरावत (57 किलोग्राम) के लिए यह सत्र कैसा रहेगा। पिछले साल ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बनकर पूरे देश के चहेते बने इस 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए वर्ष 2025 मुश्किलों भरा रहा।



### सीनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत को मात्र एक पदक

सीनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत का समग्र प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा, जिसमें उसे केवल एक पदक से संतोष करना पड़ा। यह पदक अंतिम ने कांस्य पदक के रूप में जीता था। भारत के कई पहलवान शुरुआती दौर में हारने के बाद बाहर हो गए। महाद्वीपीय स्तर पर एक प्रमुख उपलब्धि मनीषा भानवाला (62 किलोग्राम) का एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना रही।

### विनेश फोगाट का संन्यास से वापसी का निर्णय

इस वर्ष चर्चा का एक और प्रमुख विषय विनेश फोगाट का ओलंपिक पदक जीतने की अपनी कवायद में संन्यास से वापसी करने का निर्णय था। पेरिस ओलंपिक खेलों में 50 किलोग्राम वर्ग के फाइनल से पहले 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा था। हरियाणा की इस जुझारू पहलवान ने इस निराशा से खुद को बाहर निकाला। उन्होंने अब पहले से भी अधिक मजबूत होकर वापसी करने का वादा किया है।







## क्रिसमस से पहले ट्रंप का अवैध प्रवासियों को ऑफर

# 2.7 लाख लो और अमेरिका छोड़ो, स्वदेश जाने के लिए फ्री फ्लाइट भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*मई में ट्रंप की टीम ने अवैध प्रवासियों को देश छोड़कर जाने के बदले 1000 डॉलर देने की घोषणा की थी, जिसे अब क्रिसमस पर बढ़ाकर तीन गुना कर दिया गया है। ट्रंप प्रशासन ने अवैध प्रवासियों को जल्द से जल्द देश से निकालने के लिए यह कदम उठाया है*

अमेरिका में रहने वाले अवैध प्रवासियों को ट्रंप ने जबरदस्त क्रिसमस ऑफ दिया है। उन्होंने अमेरिका छोड़कर जाने के लिए तीन गुना बड़ी रकम की पेशकश की है। ट्रंप का कहना है कि धनराशि के साथ-साथ अमेरिकी सरकार उनके लौटने का खर्च उठाएगी। अमेरिका के होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने अवैध प्रवासियों को 3000 डॉलर (लगभग 2 लाख 70 हजार रुपए) देने की घोषणा की है। अगर वो इस साल के अंत तक अमेरिका से बाहर जाने के लिए राजी हो जाते हैं, तो वो इस राशि के हकदार होंगे।

**अवैध प्रवासियों पर लगे जुर्माने रद्द होंगे**

**सुरक्षित घर पहुंचाने की जिम्मेदारी भी ली**


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### सीबीपी के पास करें आवेदन

डीएचएस ने बयान जारी करते हुए कहा कि जो भी अवैध प्रवासी इस साल के अंत तक डिपोर्टेशन के लिए कस्टम एंड बॉर्डर पुलिस (सीबीपी) के पास आवेदन करेंगे, उन्हें 3000 डॉलर समेत स्वदेश जाने के लिए फ्री फ्लाइट मुहैया करवाई जाएगी। इसके अलावा उनपर लगे सभी तरह के जुर्माने भी रद्द कर दिए जाएंगे। बता दें मई में ट्रंप की टीम ने अवैध प्रवासियों को देश छोड़कर जाने के बदले 1000 डॉलर देने की घोषणा की थी, जिसे अब क्रिसमस पर बढ़ाकर तीन गुना कर दिया गया है। ट्रंप प्रशासन ने अवैध प्रवासियों को जल्द से जल्द देश से निकालने के लिए यह कदम उठाया है।

### एप डाउनलोड कर भरें जानकारी

डीएचएस के अनुसार कि सीबीपी का ऐप डाउनलोड करके अवैध प्रवासी अपनी जानकारी भर सकते हैं। आगे की कार्रवाई खुद डीएचएस करेगा। उन्हें पैसा देने के लेकर फ्लाइट मुहैया कराने और सुरक्षित घर पहुंचाने की जिम्मेदारी डीएचएस की होगी। **प्रशासन ने दी चेतावनी:** डीएचएस ने चेतावनी देते हुए कहा है कि इस खास ऑफर का फायदा उठाना ही अवैध प्रवासियों के पास एकमात्र विकल्प है। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो उन्हें गिरफ्तार करके डिपोर्ट किया जाएगा और दोबारा उन्हें कभी अमेरिका में घुसने का मौका नहीं मिलेगा।

### सूडान के पीएम ने पेश की शांति योजना

## अमेरिका ने मानवीय संघर्षविराम का आग्रह किया

*सूडान के पीएम ने प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के साथ लगभग 1,000 दिनों से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए सोमवार को एक शांति पहल का प्रस्ताव रखा लेकिन अमेरिका ने दोनों पक्षों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तत्काल मानवीय संघर्षविराम के आह्वान को स्वीकार करने का आग्रह किया। सूडान की असैन्य सरकार का नेतृत्व कर रहे कामिल इदरीस ने सुरक्षा परिषद को बताया कि उनकी योजना में संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ और अरब लीग की निगरानी में संघर्षविराम, अर्धसैनिक बलों की उनके कब्जे वाले सभी इलाकों से वापसी, उन्हें निगरानी वाले शिविरों में रखा जाना और उनका निरस्त्रीकरण शामिल है। इदरीस से पहले परिषद को संबोधित करते हुए अमेरिका के उप राजदूत जेफ्री बार्टोस ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने आगे बढ़ने के रास्ते के रूप में एक मानवीय संघर्षविराम समझौते की पेशकश की है और हम दोनों पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे बिना किसी शर्त के इस योजना को तुरंत स्वीकार करें।*

## पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड के साथ हुए समझौते को बताया ऐतिहासिक

# देश का पहला एफटीए जिसमें भारत की ओर से बातचीत में शामिल सभी सदस्य महिलाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के साथ हुए इस एफटीए के तहत भारतीय एक्सपोर्ट पर 100 प्रतिशत ड्यूटी खत्म हो जाएगी, साथ ही लंबे समय तक आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए 15 सालों में 20 अरब डॉलर के निवेश की


पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) एक ऐतिहासिक समझौता है और यह देश का पहला महिलाओं के नेतृत्व वाला एफटीए है। इस एफटीए के लिए न्यूजीलैंड से बातचीत हेतु बनाई गई पूरी टीम की सभी सदस्य महिलाएं ही थीं।

पीएम मोदी ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा लिखित एक आर्टिकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया, जिसमें बताया गया है कि भारत के मुक्त व्यापार समझौते आज केवल शुल्क कटौती से कहीं अधिक हैं और यह अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और लाखों लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं।

**■ एफटीए अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का मिशन**

पीएम ने कहा कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि यह भारत का पहला महिला नेतृत्व वाला मुक्त व्यापार समझौता है। वार्ता टीम में लगभग सभी महिलाएं शामिल थीं।

**भारतीय वस्तुओं को बेहतर बाजार मिलेगा अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को फायदा होगा**


पीएम मोदी और न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन

### आर्थिक सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे

*पीएम मोदी ने कहा कि यह मुक्त व्यापार समझौता भारत की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो व्यापक आर्थिक सहयोग के नए रास्ते खोलता है। भारतीय वस्तुओं के लिए बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करके, सेवाओं और परिवहन में अवसरों का विस्तार करके और कृषि, निवेश एवं उभरते क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करके, यह समझौता अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में ठोस और व्यापक लाभ प्रदान करता है।*

### भारतीय निर्यात पर 100 प्रतिशत ड्यूटी खत्म

*न्यूजीलैंड के साथ हुए इस एफटीए के तहत भारतीय एक्सपोर्ट पर 100 प्रतिशत ड्यूटी खत्म हो जाएगी, साथ ही लंबे समय तक आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए 15 सालों में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता भी है। न्यूजीलैंड का मार्केट एक्सेस ऑफर 'एंट्री इनटू फोर्स' (ईआईएफ) से न्यूजीलैंड की 100 प्रतिशत टैरिफ लाइनों (8,284 टैरिफ लाइनें) पर तुरंत ड्यूटी खत्म (जीरो ड्यूटी) हो जाएगी।*

### विश्व में भारत की स्थिति मजबूत होगी

*सरकार के अनुसार किसानों और एमएसएमई से लेकर छात्रों और कुशल प्रोफेशनल्स तक, इस समझौते से बड़े पैमाने पर फायदा होने की उम्मीद है, जिससे एक भरोसेमंद, दूरदर्शी वैश्विक भागीदार के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी और विश्व स्तर पर एकीकृत विकसित भारत 2047 के विजन को आगे बढ़ाया जाएगा।*

### न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री पीटर्स का ऐलान

#### भारत के साथ एफटीए बुरा सौदा संसद में करेंगे विरोध

न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते की कड़ी आलोचना करते हुए इसे न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी न्यूजीलैंड फर्स्ट इसका विरोध करती है क्योंकि भारत ने न्यूजीलैंड के प्रमुख डेयरी निर्यात पर लगे महत्वपूर्ण टैरिफ को कम करने पर सहमति नहीं जताई है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश, यह न्यूजीलैंड के लिए एक बुरा सौदा है जिसमें दूध, पनीर और मक्खन जैसे प्रमुख डेयरी उत्पादों को शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि संसद में बहुमत प्राप्त होगा या नहीं, इस अनिश्चितता के बावजूद समझौते पर हस्ताक्षर न करें।



## मौलाना रहमान ने ल्यारी से मुनीर को ललकारा

# पाकिस्तान का काबुल पर अटैक सही तो 'धुरंधर' हिंदुस्तान ने क्या गलत किया?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने पाकिस्तानी सरकार और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर से सवाल किया कि अगर अगर पाकिस्तान अफगानिस्तान में कार्रवाई को जायज ठहराता है, तो फिर भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर आतंकी ठिकानों पर हमले को गलत कैसे कह सकता है। बॉलीवुड फिल्म धुरंधर से सुर्खियों में आए ल्यारी से रहमान ने कहा कि हमने अफगानिस्तान में अपने दुश्मन पर हमला किया और उसे सही ठहराते हैं। फिर हिंदुस्तान आपसे कहता है कि उसने बहावलपुर और मुरीदके में आतंकी कैंप पर हमला कर पहलगाम हमले का बदला लिया तो फिर आप भारत की कार्रवाई पर



एतराज क्यों कर रहे हैं? मौलाना फजलुर रहमान एक प्रमुख इस्लामी विद्वान और अनुभवी राजनेता हैं।

वे पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती महमूद के पुत्र हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा धार्मिक मदरसों में हुई।

इसके बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा और आज वे जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) के अध्यक्ष हैं। उनकी सियासी हैसियत और प्रभाव का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे तालिबान के सर्वोच्च नेता शेख हिबतुल्लाह से मुलाकात करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी राजनीतिक नेता हैं।

### झेलम और नीलम नदी का बहाव घटा

सिंधु जल पर पाकिस्तान के कमिश्नर सैयद मेहर अली शाह ने कहा कि झेलम नदी में मंगला बांध में पानी का बहाव कम हो रहा है। मंगला बांध पाकिस्तान के मीरपुर में है। यह बांध पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पानी सप्लाई करने का सबसे बड़ा सोर्स भी है। झेलम और नीलम नदियों में पानी का बहाव घटकर 3,000 क्यूसेक हो गया है, जो 5,000 क्यूसेक से काफी कम है।

शाह ने कहा कि अभी के लिए, हमने चेनाब नदी के बारे में भारत को एक पत्र लिखा है। लेकिन अभी तक भारत की ओर से कोई जवाब नहीं मिला है।






## फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी ने बांग्लादेश के हालात पर जताई चिंता

**चेतावनी दी पुराने दोस्तों को नजरअंदाज करने की न करे गलती**

# रूस की नसीहत: भारत से बैर मतलब पूरे क्षेत्र के लिए खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभी तक पश्चिमी देशों की आलोचना झेल रही बांग्लादेश सरकार को अब रूस की तरफ से भी स्पष्ट संदेश मिला है। ढाका में रूसी राजदूत अलेक्जेंडर ग्रिगोरियेविच खोजिन ने जो कहा, वह एक तरह से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार यूनुस सरकार के लिए चेतावनी है।

उन्होंने कहा कि तनाव कम करना दोनों देशों और पूरे दक्षिण एशिया के लिए अहम है। भारत विरोधी भावनाओं को हवा दे रही यूनुस सरकार को रूसी राजदूत ने याद दिलाया कि 1971 में बांग्लादेश की आजादी में भारत की बड़ी भूमिका रही थी और उस समय रूस ने भी समर्थन दिया था। रूसी राजदूत का यह बयान कूटनीतिक भाषा में एक बड़ा इशारा है कि बांग्लादेश अपने उन पुराने दोस्तों भारत और रूस को नजरअंदाज करने की गलती न करे, जिन्होंने उसके अस्तित्व में भूमिका निभाई थी। रूस की यह नसीहत बताती है कि वह बांग्लादेश को 'एंटी-इंडिया' जोन बनते हुए नहीं देखना चाहता।


फ्रांसीसी राजदूत शार्लेट और जर्मन दूतावास की प्रभारी केर्स्टन ने ढाका का दौरा किया

### फ्रांस-जर्मनी ने जताई प्रेस की आजादी पर चिंता

*फ्रांस और जर्मनी ने बांग्लादेश को लोकतांत्रिक मूल्यों की याद दिलाई है। सोमवार को फ्रांसीसी राजदूत जीन-मार्क सेरे-शार्लेट और जर्मन दूतावास की प्रभारी अंजा केर्स्टन ने ढाका में उस जगह का दौरा किया, जो हाल ही में भीड़ के न्याय का गवाह बनी थी। राजनयिकों ने जली हुई इमारत, टूटे शीशे और उस पहली मंजिल का मुआयना किया जहां आग लगाई गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि फ्रांस और जर्मनी प्रेस की आजादी के साथ खड़े हैं।*

### बांग्लादेश ने बंद की वीजा सेवाएं

बांग्लादेश ने भारत में अपनी वीजा सेवाएं बंद करने का एलान कर दिया है। इससे पहले भारत ने भी बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के चलते चटगांव में अपनी वीजा सेवाएं बंद करने की घोषणा की थी। भारत ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं के चलते यह फैसला लिया, लेकिन माना जा रहा है कि बांग्लादेश ने सिर्फ बदले की भावना से वीजा सेवाएं बंद करने का फैसला किया।

### यूनुस ने अमेरिका को मिलाया फोन

मोहम्मद यूनुस ने अमेरिका के दक्षिण और मध्य एशिया के विशेष दूत सर्जियो गोर से फोन पर बात की और आम चुनाव समय पर करने का भरोसा दिया। विश्वास दिलाया कि वहां आम चुनाव समय पर यानी 12 फरवरी 2026 को ही होंगे।


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25